The second talk of this series entitled "Intellectual property rights protecting plants for food security" by Prof. R. C. Aggarwal (Registrar General, Protection of Plant Variety and Farmer's Rights Authority, Ministry of Agriculture, Govt. of India) was organized on 18th September, 2017. Prof. R. C. Aggrawal talked about the importance of Intellectual property rights, the support provided by the Government to the small farmers from the tribal and rural areas. He emphasized the need for preserving the traditional and local varieties as the natural heritage which might offer the solutions crop improvement and food security. He also shared that his department recognizes the work of tribal farmers in preserving biodiversity by giving them awards and promoting community seed bank in the local regions. Further, highlighting the technical and financial support provided to the farmers for registration of their crop varieties.. He also highlighted the recent patent disputes on ginger and turmeric.

The third talk entitled "Constitutional Vision of Justice In India" in this series was by Prof Bhushan Tilak Kaul, Chairperson, Delhi Judicial Academywas held on 31st October 2018. Prof Kaul discussed about the constitutional framework in India, Rights of Citizens and Fundamental Duties. He also discussed different types of cases to enlighten students about the judgements given in the past. It was a very informative, meaningful and interesting talk for all the students and faculty members.

Dr. Sanjay Sharma
Convener: Sangosthi

मैं पक्षी गगन का
(एकाकी यात्रा) साथी कौन बने

यहाँ शून्य का साक्षी कौन बने,
मेरा सहपाठी कौन बने
कोई चल तो सके–दो पग ही साथ
ऐसा बैरागी कौन बने।
यहाँ मेरा साथी–कौन बने।
ये अन्वेषक इस मार्ग का
यहाँ मेरा गाइड कौन बने।
इस यात्रा में पग चिह्न कहाँ
मेरा हम साथी कौन बने।
ये अन्तरिक्ष की है उड़ान
इस गगन का पंछी कौन बने।
इस शून्य का साक्षी कौन बने
इसमें सहपाठी कौन बने
यहाँ तन और धन का कार्य नहीं
यहाँ बुद्धि मन का विषय नहीं
करना ऐसा कुछ कार्य नहीं
बल कोई यहाँ स्वीकार नहीं
घर का कुछ ध्यान नहीं
यहाँ विद्या का कोई मान नहीं
अविद्या को भी स्थान नहीं
यहाँ तान को कोई मान नहीं
अज्ञान को भी स्थान नहीं
है पथ शून्य राही भी शून्य
यहाँ शून्य का साक्षी कौन बने
ऐसा पागलपन कौन करे
ऐसा बैरागी कौन बने
मेरा सहपाठी कौन बने
मेरा सहपाठी कौन बने

के. एम. अम्बिका, माइक्रोबायोलाजी
प्रथम वर्ष

महिलाओं को कहाँ मिल रहा सम्मान?

महिलाओं को कहाँ मिल रहा सम्मान
कहाँ विकसित हो रहे इनके अरमान
क्यों समाज नहीं देता इनको सम्मान
लेखक लेखिका लिख–लिख कर
समाज को कर रहे जागरूक...
पर उनके प्रति समाज की सोच
कहाँ हो रही साकार...
तुम ही तो कहते हो महिला
देवी का रूप है माँ का रूप है
फिर क्यूँ करने में लगे हो
उनकी इज्जत का बलिदान
देश भी हुआ आजाद
मिली आजादी हम सबको
फिर महिला पुरुष में
क्यों हो रहा भेदभाव
फिर तुम हंसते हुए कह देते हो
देश हमारा पुरुष प्रधान..
आखिर क्यों हो रही महिलाओं
पर पुरुषों की कमान...
फिर तुम कहते हो देश
कहाँ हो रहा विकसित
पहले दो तो अवसर आगे बढ़ने का
फिर वह दिखाती हैं अपनी काबिलियत
उनको भी एक दरजा दो
तभी मिले उनको आजादी
ना हो भेदभाव ना हो कोई ऊँच नीच
दोनों होंगे सशक्त कर्मठ
तभी होगा देश का विकास
जी हाँ तभी मिलेगा महिलाओं को सम्मान
तभी होंगे पूरे उनके अरमान...।

अनुज यादव
बी.जे.एम.सी, द्वितीय वर्ष

किन्नर

बस में तो कभी रेलगाड़ी में या जब रेड लाईट पर रुकती हुई कारों के जमावड़े में तालियों का शोर आता है। भगवान के नाम पर दो, हाय–हाय सलमान खान जैसे जुमले हमें सुनाई देते हैं और तभी हमारे सामने प्रस्तुत होते हैं– किन्नर....

'किन्नर' शब्द सुनते ही हमारे दिमाग में एक ऐसे मानव का रेखाचित्र प्रस्तुत होता है जिसके दाढ़ी आई हो पर शरीर की बनावट न पूरा पुरुष न सम्पूर्ण औरत। बॉयोलॉजिकल अव्यवस्था के कारण बच्चा ऐसा बनता है, इसमें उसका कोई दोष हमें नज़र नहीं आता परन्तु उम्र बढ़ने के साथ–साथ उसका अपने आप से कट जाना यह हमारे समाज का दोष है। एक किन्नर की जिंदगी कैसी होती है यह बात समाज के अधिकांश वर्गों को नहीं पता उनकी नज़र में वे सिर्फ नाचने–गाने वाले उभयलिंगी प्राणी है। समाज में अपना आत्मसम्मान खोजते हैं किन्नर।

किन्नर शब्द तो फिर भी सम्मानित है परन्तु समाज तो इनको अलग ही नाम से जानता है–'हिजड़ा'। हमारा समाज 'हिजड़ा' कहकर उन्हें सम्बोधित करता है। हिजड़ा कोई अभिशाप नहीं बल्कि समाज का एक अभिन्न अंग है। किन्नरों की स्थिति पहले बहुत दयनीय थी परन्तु किन्नर समाज इकट्ठा हुए और अपने हक की लड़ाई लड़ी और अंत में वे सफल रहे। उन्हें एक अलग लिंग का दर्जा प्राप्त हुआ।

यह हमारे समाज की कुण्ठित सोच को दर्शाता है कि किन्नर जाति को अपना अधिकार इतने लम्बे संघर्ष के बाद प्राप्त हुआ। क्या उन्हें समाज में आगे बढ़ने का अधिकार नहीं? क्या वो सिर्फ रेड़लाइट या बसों–ट्रेनों में नाचने–गाने या तालियाँ–पीटने आए हैं? ये प्रश्न आज भी वैसे ही है जैसे पहले थे बस इनका स्वरूप बदल गया। आज भी किन्नर अपने अस्तित्व के लिए लड़ रहे हैं और हमारा समाज यानि महात्मा गाँधी जी के तीन बन्दर की तरह है जो समय के साथ अपना मूल संदर्भ खो चुके हैं वे ना सच सुनते हैं, ना देखते हैं और न ही बोलते हैं। परन्तु अब बहुत हुआ अपमान अब समाज को किन्नर को स्थान देना होगा। वह भी इस देश के नागरिक हैं उन्हें भी सब अधिकार देने चाहिए। ये नहीं कि उनका सम्मान छिनना चाहिए–

किन्नर हूँ साहब, किन्नर
ये बताने में कोई शर्म नहीं
है हक समाज में रहने का
यह कोई भ्रम नहीं।
सोच आपकी खराब, नाम हमारा बदनाम
यह कोई न्याय नहीं
हक है हमारा जीने और उड़ने का
यह अधिकार है भीख नहीं।
किन्नर हूँ साहब, किन्नर
ये बताने में कोई शर्म नहीं।

रविन्द्र कुमार
बी.ए. (ऑनर्स) हिन्दी, तृतीय वर्ष

चट्टान सा इतिहास....

बोल रे दिल्ली बोल तू क्या कहती....?
यमुना तेरी सूख गई किले तेरे सब ढ़ह रहे
तुझको घाव देकर तेरे दिल में रह रहे
रोज तेरा दम घुटता है, धुआँ है शाख तेरी
लुटती है तू सरे बाजार, बंद है क्यों आँख तेरी
अनवरत विरासत तेरी, नदी नालों में बहती
बोल दिल्ली तू क्या कहती.....?
माँ भारती का हृदय है तू, चट्टान से इतिहास तेरा
रावण तो मरता नहीं, कब खत्म होगा वनवास तेरा
लोग शहंशाह बन जाते हैं, गोदी में आकर
फिर दासी बन जाती है तू, जख्म कलेजे पर खाकर
आखिर कौन–सा मोह है तुझको, क्यों वेदना सहती
बोल रे दिल्ली बोल तू क्या कहती?

अभिषेक कुमार
बीजेएमसी, द्वितीय वर्ष

क्यों ये दीवारें

क्यों ये दीवारें रोकती हैं आगे बढ़ने से।
कभी परिवार के रूप में, कभी समाज के रूप में।
क्यों ये दीवारें सिर्फ बेटी के लिए हैं होती।
क्यों बेटों के लिए नहीं होतीं।

पाबंदियाँ सिर्फ बेटी को न पढ़ाने के
लिए क्यों है, बेटों के लिए क्यों नहीं।
दीवारें सिर्फ बेटी के लिए हैं
बेटों के लिए क्यों नहीं।

क्यों ये रोकती हैं दीवारें कुछ करने से।
क्यों ये दीवारें बनाई जाती हैं लड़कियों के लिए।
कुछ क्यों नहीं होती हैं पाबंदियाँ लड़कों के लिए।
दीवारें सिर्फ बेटी के लिए हैं
बेटों के लिए क्यों नहीं।

क्यों लड़कियों को पढ़ने नहीं देते,
क्यों उसे आगे बढ़ने नहीं देते,
क्यों ये दीवारें पाबंदियाँ बन जाती हैं,
लड़कियों के लिए क्यों नहीं लड़कों के लिए,
दीवारें सिर्फ बेटी के लिए हैं
बेटों के लिए क्यों नहीं।

क्यों ये पाबन्दियाँ रोकती हैं औरतों को,
अपने लक्ष्य को पाने को।
क्यों औरतों को सामना करना पड़ता है,
तीन तलाक जैसी कुप्रथा का।
तीन तलाक कहने का हक है आदमी को
औरतों को क्यों नहीं।
दीवारें सिर्फ औरत के लिए हैं
आदमी के लिए क्यों नहीं।

दीवारों को क्यों नहीं हो हटाते।
लड़कियों को आगे पहुँचाने के लिए।
ये दीवारें क्यों नहीं तोड़ते।
क्यों ये दीवारें लड़कियों के लिए हैं
लड़कों कि लिए क्यों नहीं।

क्यों नहीं औरतें इन दीवारों को हैं,
तोड़तीं आगे क्यों नहीं बढ़तीं,
क्यों रहती हैं सबसे दबके क्यों
नहीं कुछ हैं बोलतीं।
दीवारें सिर्फ औरतों के लिए हैं।
आदमियों के लिए क्यों नहीं।

क्यों मैं डर जाती हूँ आसपास की दीवारों से।
क्यों नहीं मैं सामना कर पाती हूँ इन
दीवारों का क्योंकि मैं लड़की हूँ।
क्यों ये दीवारें लड़की के लिए होती हैं
क्यों नहीं ये लड़कों के लिए हैं होतीं।

इन पाबंदियों का सामना करना पड़ेगा
इन दीवारों को तोड़ना पड़ेगा।
आगे तो बढ़ना पड़ेगा।
दीवारों को हटाना पड़ेगा लड़कियों के लिए
तभी तो वो खिल पाएंगी, आज वो
आगे बढ़ पाएंगी।
क्यों दीवारें सिर्फ लड़कियों के लिए
क्यों नहीं लड़कों के लिए

गुड़िया कुमारी
बी.ए. (ऑनर्स) राजनीति विज्ञान
द्वितीय वर्ष

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एक सपना

हमारे देश में जब भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बात आती है तो हमारे अंदर उस तरह का जोश क्यों नहीं आता, जिस तरह का जोश देश भक्ति गीत सुनकर आता है। कहने को तो नारी शक्ति को बल देने की बात करते हैं परन्तु क्या हम सच में नारी को अपने समान होने का दर्जा देते हैं? वर्तमान की स्थिति पर यदि गौर किया जाए तो 21वीं सदी में जब किसी के घर बेटी जन्म लेती है तो हमारा मुँह उतर जाता है।

जब हम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं पर बात करते हैं तो हमे सबसे पहले इसकी ज़मीनी हकीकत जान लेनी चाहिए भारत देश में आज भी लगभग 70 प्रतिशत लड़कियों को अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़नी पड़ जाती है इसका मुख्य कारण उनकी जल्दी शादी कर देना भी है। वे (लड़की) चाहकर भी इच्छानुसार पढ़ाई ग्रहण नहीं कर सकती।

हमारी सरकार समय–समय पर 'बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ' पर जागरूकता अभियान चलाती रहती है, जिससे लड़कियों की शिक्षा में सुधार भी हुए हैं परन्तु सुधार उस हिसाब से नहीं हुए जिस तरह होने चाहिए थे। इसकी वजह हम जागरूकता अभियान में ढ़िलाई कह सकते हैं।

प्राथमिक विद्यालयों के हालात देखें जाएँ, जहाँ से शिक्षा की नींव पड़ती है, प्राथमिक विद्यालयों के प्रति सरकार का शिक्षा के अलावा हर क्षेत्र में विकास करने पर अधिक ज़ोर रहता है। 2007 से शुरू हुई 'मिडडे मील' व्यवस्था काफी सराहनीय है लेकिन सिर्फ उसी पर ध्यान केन्द्रित करना विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ सरासर खिलवाड़ करना है। उत्तर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य से बात करने पर वहाँ की स्थिति देखकर दंग रह गया। प्रधानाचार्य का कहना था कि सुबह उठते ही सबसे पहले उसे खाने–पीने (मिडडे मील) की चिंता सताती है कि कैसे व्यवस्थित ढंग से बच्चों को खाना खिला दिया जाए। अब सोचने वाली बात यह है कि जब अध्यापक का ध्यान ही इन सभी चीजों में बटा रहेगा तो वह विद्यार्थी पर कैसे ध्यान केन्द्रित कर पाएगा? विद्यार्थी को उचित शिक्षा देना अध्यापक का कर्त्तव्य होता है। अब जब अध्यापक ही कुछ नही कर पाएगा तो 'बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ' योजना कैसे सफल होगी।

इस संदर्भ में हमें दूसरे पहलू पर भी बात करनी चाहिए। बेटी की शिक्षा के बीच सबसे बड़ा रोड़ा बनता है हमारी रूढ़िवादी संस्कृति अर्थात् लकीर का फकीर। जैसे– लड़कियों को घर के बाहर नहीं जाना चाहिए, उन्हें घर का कामकाज करना चाहिए और यदि किस्मत से कोई लड़की पढ़ भी जाती है तो घर वाले उसे नौकरी नहीं करने देते। सरकार द्वारा बनाई गई योजना 'बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ' के लिए जितना प्रयत्न सरकार कर रही है उतना ही प्रयत्न करना हमारा भी कर्त्तव्य बनता है कि इस देशहित योजना को सफल रूप दें, जिससे हमारे देश में स्त्री–पुरुष का भेद भी समाप्त हो और दोनों को समानता मिले।

अर्शियान आरिफ खान
हिन्दी पत्रकारिता एवं जनसंचार
तृतीय वर्ष

चलो कुछ ऐसा करें कि....

आज जब लिख रही हूँ तो एक अजीब–सा डर कहो या अहसास हो रहा है। ऐसा अहसास जैसे सच को बयाँ करने में होता है। ये तो नहीं पता कि लिखते कैसे हैं पर ये पता है कि लिखना क्या है' तो चलो कुछ पुराना नहीं कुछ नया भी नहीं कहूँगी, कहती हूँ कि ताजा लिखें.... शुरुआत ही कुछ इस तरह से होगी जैसे एक अंधेरे कमरे में एक रोशनी का दीपक उस अंधेरे का प्रतिकार कर रहा होता है... ठीक उसी तरह मेरी भागती दौड़ती जिंदगी में भी एक ठहराव शाम की आहट से आ ही जाता है और रात के बाद सुबह जो मानो एक नई उम्मीद के साथ दस्तक दे रही है। ऐसी ही मेरी आज की भी सुबह हुई, मैं उठी अपनी ही उलझनों के साथ खुद को साझा करते हुए उसमें खुद को सुलझाते–कुछ उलझते अल्फाजों के साथ सोच–विचार मानो, घड़ी की सुईयों के साथ चल रही थी, इतने में माँ की आवाज आई और मैं अपने विचारों की दुनिया से साझा कर बाहर आ गई और जाने–अनजाने में जानती ही थी कि आवाज भी कॉलेज जाने के लिए ही आई होगी और जल्दी से तैयार होकर अपनी जिंदगी की दौड़ में आगे निकलने की तमाम ख्वाहिशों के साथ घर से चल पड़ी।

एक ठहराव जो मेरी खुद की जिंदगी में खुद के लिए आता है वह है, मेरे घर से लेकर बस स्टैंड के बीच का सफर जिसमें मानो अपनी खुशी का कुछ भी काम कर चाहे वो खेलते बच्चों को देख अपने बचपन की यादों से सराबोर हो जाना ही क्यों न हो कुछ भी जो जिंदगी के ठहराव का अहसास करा सके ऐसा अहसास जो कहता हो जिंदगी चाहती हो उतना ही मुझे जितना कि मैं उसे... ऐसे करता मेरा ये सुर बदलता है जब आज मैं बस स्टैंड पहुँची ही थी कि पाँच मिनट के बाद मेरी बस आई मन में एक अजीब सी खुशी थी इन सब उलझनों में भी कि चलो पहला पड़ाव तो हुआ...

बस मेरे नज़दीक, मैं पहले पड़ाव के नजदीक इनके साथ ही शुरू हुआ मेरा ये बस का सफर 'हाँ' मैं कभी भी ये सोचकर बस का सफर तय ही नहीं करती कि जाने किस हालात में पड़ेगा पर इतना जानती थी कि संघर्ष ही जिंदगी है जो माँ ने कहा था वैसे माँ कहती है रोना भी मजबूती की निशानी है।

बस में बैठी तो सोचा कि समय का सदुपयोग करुँ बस ये ख्याल आते ही एक ढक्कन खुला मेरे बांवरे से मन की क्यों ना कहानी सुनूँ या पढ़ूँ जो कि मेरे शौकिया कामों का सर्वप्रथम कार्य था। बस फिर क्यों मैं दूसरो की कहानियों मैं खोकर अपनी यादों का आनन्द लेती थी पर आज कुछ अजीब ही हुआ। क्या हुआ कि, मैं अपनी कहानी की दुनिया में जाती उससे पहले की कहानियों की लंबी सूची में मेरी नजर ऐसी एक कहानी पर गई जिसका नाम था ''पेपर बोट'' पता नहीं क्यूँ मेरा ध्यान बारिश और बचपन की यादों के चलते उस कहानी को पढ़ने का हुआ। ''वैसे एक बात और आज मुझे बस में सीट भी मिल गई थी तो शायद मेरी कहानी सुनने कि ये सोच को रीढ़ हड्डी दे रही थी।''

मेरी कहानी और मेरे बस का सफर शुरू हुआ तो इस मामले में भी सफर का पता नहीं चला। कहानी का शौक जो ऐसा था और आज की कहानी भी ऐसी जो आकर्षण थी मेरी नज़रों मेरे मन का.... तो कहानी थी पेपर बोट सुनना शुरू ही हुआ कि कहानी में एक ऐसा इंसान जो मानो सब में होता है जो जिदंगी की दौड़ में तो जीत जाता है पर अपनों के साथ कहीं पिछड जाता है बस कहानी में खो जाना मेरी ख्वाहिशों की चाह होती थी। मैं सुनते–सुनते अपने बचपन के दिनों में खो गई उन नादानियों में जो हम करते कभी डांट खाने का डर तक महसूस नहीं करते थे। उन तमाम दोस्तों की यारियाँ याद आ गईं जो किसी भी क्षेत्र में मदद करने या कुछ भी कह देने पर ये कहते कि तू ना, काउंसलर ही बनना अच्छी सलाह देती हैं। मार्गदर्शन और एक लक्ष्य देने का काम करती थी बस सब कहानी जैसे ही थी। मैं कहानी और जिंदगी को अपने आप में सराबोर करते–करते ये ही भूल गई कि मैं बस में भी जो कि कुछ लोगों को उनकी मंजिल तक और मुझे मेरे सफर तक पहुँचाती थी। आज मैं अपनी कहानी में यूँ डूबी की तैरते–तैरते अपनी बचपन की यादों में पहुँच गई और इस तरह खोई कि सफर सुहाना लगने लगा और पता नहीं कब मुझे अपने को डुबने से बचाने के लिए यानि मजबूत बनने के लिए उस कहानी के शीर्षक 'पेपर बोट' का सहारा लेना पड़ा। मेरी आँखों से आँसू ये तो खुशी को जाहिर करते, पर आँसू में कशमकश कुछ इस तरह थी कि मानो जिंदगी के दो पल का होने का अहसास सा हो गया हो। कुछ इस तरह मैं आज सफर के दौरान–मैं रो पड़ी।

साक्षी जायसवाल
बी.ए. (ऑनर्स) राजनीति विज्ञान,
द्वितीय वर्ष

पर्यावरण सामूहिक और व्यक्तिगत जिम्मेदारी

अभी हाल में रामचन्द्र गुहा द्वारा एक बहुत ही मनोवैज्ञानिक और विशिष्ट किताब 'उपभोग की लक्ष्मण रेखा' पर्यावरण के संदर्भ में प्रस्तुत हुई है जिसमें बड़े ही सहज, सरल और स्पष्ट शब्दों में यह बताने की कोशिश की गई है कि किस प्रकार पर्यावरण सामूहिक और व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। हम अपनी कहानी को दो समूहों में बाँटने की कोशिश करते हैं एक तरफ विकसित देश और दूसरी तरफ विकासशील देश। मानव जब पर्यावरण पर हावी होने लगता है तो पर्यावरण का विनाश होना ही होता है। विकसित देशों में पर्यावरण आंदोलन उस समय चलाये गए जब इसका प्रभाव उन पर सामूहिक रूप से होने लगा अन्यथा इससे पहले उन्हें इसका होश ही नहीं था तब जाकर उन्होंने अपने स्वास्थ्य को बचाने के लिए जागरूकता और आंदोलन चलाये। अगर वो शुरुआत से ही व्यक्तिगत जिम्मेदारी पर ध्यान देते तो इस तरीके से सामूहिक जिम्मेदारी की नौबत नहीं आती। मैं यह नहीं कह रहा हूँ कि सामूहिक जिम्मेदारी की जरूरत ही नहीं है बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी चाहिए लेकिन यदि प्रत्येक व्यक्ति व्यक्तिगत जिम्मेदारी निभाना शुरू कर दे तो सामूहिक जिम्मेदारी की जरूरत ही न आए। ये वहाँ के लोगों ने नहीं किया। अब हम अपनी बात विकासशील देशों की तरफ मोड़ते हैं–विकासशील देशों में एक चीज स्पष्ट नजर आती है कि यहाँ के लोग पले बढ़े ही हैं पर्यावरण के साथ, उनका पर्यावरण से ही जीवन निर्वहन होता है। अगर हम प्राचीन समय में देखें तो बुद्ध ने अपना सारा जीवन ही एक वृक्ष के नीचे निकाल दिया। अगर हम किसी भी पहाड़ी पर जाते हैं तो हमें एक मन्दिर साथ में एक वृक्ष जरूर मिलेगा और वह मन्दिर वहाँ के स्थानीय देवता होते हैं। हमारे यहाँ पहले लोग नदियों के आस–पास निवास किया करते थे। मतलब यह कि उनका पर्यावरण से कितना लगाव था और तो और वो अपनी जिम्मेदारी को व्यक्तिगत जिम्मेदारी के साथ सामूहिक जिम्मेदारी भी समझते थे। नदी, पर्वत, पहाड़ों को स्वच्छ रखा करते थे क्योंकि उनका जीवन ही उनमें पला बढ़ा हैं फिर कौन भला उसे उजाड़े। और तब जाकर 1973 में चिपको आंदोलन चला और पर्यावरण बचाने की शुरुआत हुई। यहाँ पर्यावरण आंदोलन किसी स्वास्थ्य से संबंधित नहीं या कि इससे उनके स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा था बल्कि यहाँ तो उनके जीवन का सवाल था। जो पूरी तरह से उजड़ने की कगार पर था। पर आज की स्थिति बहुत ही गंभीर है। सामूहिक जिम्मेदारी की बात ही छोडिए लोगों को व्यक्तिगत जिम्मेदारी की भी फिक्र नहीं जबकि संविधान में स्पष्ट रूप से पर्यावरण को सुरक्षित रखने की बात कहीं गई है। और तो और लोग पर्वत, पहाड़ों पर घूमते समय कचरा फेंक दिया करते हैं, अमेरिका जैसे देश को खुद को बचाने के लिए पर्यावरण के व्यक्तिगत और सामूहिक जिम्मेदारी की फिक्र ही नहीं है।

बल्कि ये हमारा कर्त्तव्य बनता है कि हम अपनी आस–पास की चीजों को सुरक्षित रखें और हमें अपने कर्त्तव्य का पालन करना चाहिए। माननीय प्रधानमंत्री द्वारा चलाया जा रहा ''स्वच्छता ही सेवा'' व्यक्तिगत जिम्मेदारी का उदाहरण है। ''स्वच्छ भारत मिशन'' यह हमारा सामूहिक मिशन होना चाहिए। हम जब अपने घर के आसपास स्वच्छता का पालन करते हैं तो हम बाहर जाकर इतने क्रूर कैसे हो जाते हैं कि कहीं भी पीक (गुटके की) फेंक देते हैं। सार्वजनिक चीजों को गंदा करना इत्यादि। इसलिए पर्यावरण को हमें व्यक्तिगत जिम्मेदारी से देखना पड़ेगा तभी जाकर हम और हमारा देश स्वच्छ रह सकेगा।

अंशुल पटेल

बी.ए. (ऑनर्स) राजनीति विज्ञान, द्वितीय वर्ष

सुन्दर वरदान

ईश्वर की बनाई ये अति सुन्दर दुनियाँ जिसमें अनगिनत प्राणी शामिल हैं। इन सभी में एक सबसे श्रेष्ठ रचना है वो है 'बेटी'। ईश्वर का दिया सबसे सुन्दर वरदान अर्थात ईश्वर की सबसे अच्छी रचना। हमारे समाज का सबसे महत्वपूर्ण अंग है 'बेटियाँ'। इस युग में बेटियों का बोलबाला है। बेटियाँ किसी भी मामले में बेटों से कम नहीं हैं। जरूरत है तो सिर्फ उन्हें सही और अच्छे अवसरों की ताकि वे अपनी क्षमताओं और आशाओं को अपनी इच्छा अनुसार पूर्ण कर सके। बेटियों को आवश्यकता है अपने परिवार, दोस्त और समाज के साथ की। इसके साथ–साथ सबसे अधिक महत्वपूर्ण वस्तु जिसकी जरूरत है बेटियों को विकास की ओर अग्रसर करने के लिए वो है ''शिक्षा''।

समाज में बहुत पहले से ही बेटियों को सही दर्जा नहीं दिया जा रहा है जिसकी वो हकदार हैं। समाज के अधिकतर लोग बेटियों को बोझ मानते हैं। जब बेटा पैदा होता है तो पड़ोसियों और रिश्तेदारों को मिठाईयाँ बाँटी जाती हैं। खुशियाँ मनाई जाती हैं। परंतु जब बेटी पैदा होती है तो अफसोस जताया जाता है। क्योंकि उस समय बेटी के माता–पिता की सोच ये होती है कि बेटी का मतलब है खर्च। बेटी जिसे पराया धन माना जाता है जो धन लाती नहीं धन खर्च करवाती है। बेटियाँ अगर जन्म लेती है तो वंश का विकास कैसे होगा क्योंकि वंश को आगे बढ़ाने वाले तो बेटों को माना जाता है। लोग केवल ये सोचते हैं कि बेटियाँ शान नहीं बन सकती वे तो केवल रसोईघर में रोटियाँ सेकने के लिए होती हैं। उन्हें पढ़ने–लिखने की क्या आवश्यकता है। इस प्रकार की रूढ़िवादी सोच के लोग एक समय इतने क्रूर बन जाते हैं कि वो बेटियों को जन्म लेने के साथ ही साथ मार देते हैं और कुछ इतने क्रूर होते हैं कि वो नन्हीं सी जान को इस दुनिया में जन्म ही नहीं लेने देते। ऐसा वो लोग करते हैं जो मानसिक रूप से पीड़ित होते हैं जिनका ये मानना होता है कि बेटियाँ तो कुल का नाम खत्म करेंगी, कुल का विकास बेटे ही करेंगे। एक शिक्षित लड़की बदलाव ला सकती है।

ऐसी विचारधाराओं के बीच एक ऐसा हथियार है जो ऐसी क्रूर विचारधाराओं को खत्म कर रही है वो है ''शिक्षा''। शिक्षा के कारण हमारा समाज रूढ़िवादी सोच से निकल कर आधुनिकता की ओर अग्रसर होता जा रहा है। शिक्षा के कारण लोगों में जागरूकता आई है। आज लोग अपनी बहन, बेटियों को स्कूल भेज रहे हैं और अपनी रूढ़िवादी सोच को बदल चुके हैं जोकि सबसे महत्वपूर्ण और अच्छा अवसर है बेटियों के लिए कि वो अपने आप को, अपनी क्षमता और योग्यता को निखार सकें। आज अधिकतर लोग अपनी बहनों, बेटियों को अलग–अलग श्रेणियों की ओर अग्रसर कर रहे हैं उन्हें प्रोत्साहित कर रहे हैं अपने जीवन को अधिक से अधिक बेहतर बनाने के लिए।

बात अगर बेटियों की है तो कुछ ऐसे नाम हैं जिन्हें हम कभी भूल नहीं सकते या कह सकते हैं कि भूल नहीं पाएँगे। जैसे–भारत की होनहार बेटियों में कल्पना चावला जो धरती पर जन्म तो लिया अपनी काबिलियत से चाँद, पृथ्वी से बाहर तक की उड़ान भरी। अपना या अपने परिवार का ही नहीं बल्कि पूरे भारत देश का नाम रोशन किया। और भी अनेक ऐसे नाम हैं जिन्होंने बेटियों को एक नयी पहचान दी हैं बेटियों को एक नयी उम्मीद दी है। देश की पहली महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी, सुनिता विलियम, पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल और यहाँ तक की अब हर क्षेत्र में महिलाएँ अपना झण्डा लहरा रहीं हैं–स्कूल, कॉलिज, अस्पताल (चिकित्सालयों में) पुलिस फोर्स, आर्मी इत्यादि। बहुत से लोग अब ऐसे हैं जो ईश्वर से ये दुआ माँगते हैं कि उन्हें 'बेटी' मिले। कुछ पंक्तियाँ इस प्रकार प्रस्तुत करना चाहुँगी–

''बेटा अगर शान है तो बेटी आन है
बेटा अगर दीपक है तो बेटी ज्योति है।
बेटा अगर कुल है तो बेटी कुल की इज्जत
बेटा अगर वंश है तो बेटी अंग है
बेटा अगर खुशी है तो बेटी दुख में मिलने वाली एक नयी उमंग है।

बेटियाँ चेहरे की मुस्कान हैं जो दुख के पलों को सुख में परिवर्तित करने का हौंसला रखती है। नयी उम्मीद जगाती है। बेटियाँ धूप में मिलने वाली ठण्डी छांव है।

पायल मलिक
बी.ए. (ऑनर्स) राजनीति विज्ञान, प्रथम वर्ष

भारत में लिंग अनुपात

इस आधुनिक युग में भारत ने विश्व में एक अलग पहचान बनाकर अपने आप को वैश्विक धरातल पर प्रस्तुत किया है, चाहे वह अर्थव्यवस्था हो या फिर आतंकवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर दुनियाँ का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करना हो। ऐसे में इस आधुनिक युग में भारत का लिंगानुपात निरंतर कम होता जा रहा है। ऐसी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भारत के वर्तमान प्रधानंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री जी का यह संदेश भारतीय इतिहास में एक अच्छी पहल है कि बेटियों को बचाने की मुहिम पहली बार इतने व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। मोदी जी ने फरवरी 2015 में इस संदेश (बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ) को देते हुए कहा कि 'बेटियाँ' देश का गौरव हैं, हमारा अभिमान हैं। लेकिन मैं इस तथ्य से चिंतित हूँ कि आज हमारी यह स्थिति आ गई है, कि हमारे भारत का लिंगानुपात निरंतर कम होता जा रहा है।'' श्री नरेन्द्र मोदी जी के इस कार्यक्रम के बाद पूरे देश में एक मुहिम चल पड़ी है। कहीं नुक्कड़ नाटक तो कहीं दोहों के माध्यम से इस मुहिम ने जोर पकड़ा है। आज वर्ष 2017 में भी यह मुहिम उतनी सफल रही है। ऐसे में यह प्रश्न उठ खड़ा होता है कि आखिरकार यह स्थिति उत्पन्न क्यों हुई?

शायद ही इसका जवाब किसी के पास हो लेकिन इससे संबंधित विषयों पर लोगों ने अपना मत रखते हुए कहा कि–

1. यह स्थिति सम्भवतः ''एक बच्चे की चाह'' के कारण भी उत्पन्न हो सकती है और साथ ही एक बच्चे की चाह में विशेषकर ''लड़का''।
2. कई लोगों का यह भी मत था कि यह स्थिति महिलाओं के गर्भपात से हुई है। वहीं कुछ लोगों ने इसके पीछे रुढ़िवादी धारणाओं को बताया। जैसे कि''लड़की तो पराया धन है'' आदि कई तरह कि रुढ़ि धारणाएँ थीं।

सम्भवतः इसका उत्तर इन्हीं में से हो परन्तु इसको अंतिम तथ्य नहीं समझा जाना चाहिए। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए भारत के विद्वानों ने कई नुस्खे अपनाएँ जिनमें से कुछ का वर्णन निम्नलिखित हैः–

- राज्य सरकार द्वारा घर में बेटी का जन्म होने पर दिया जाने वाला अनुदान। यह प्रत्येक राज्य में अलग–अलग है। उदाहरण में दिल्ली 50,000 रु., मध्य प्रदेश में 10,0000 रु., हरियाणा में 50,000 रु. आदि।
- बेटियों को सुरक्षित रखने में कई संवाद (Dialogoue) आए। जैसे–'म्हारी छोरियाँ छोरों से कम हैं कै', बेटी नहीं बचाओगे तो बहू कहाँ से लाओगे'', आदि।

उपरोक्त लिखे बिन्दुओं ने बेटियों को बचाने में एक अहम भूमिका अदा की। अन्यथा यह आँकड़े इतने भयावह थे कि इनसे उबरते हुए काफी समय लग जाता। यह स्थिति हरियाणा, राजस्थान, पंजाब आदि राज्यों में काफी बुरी थी। परन्तु आज इस मुहिम ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' ने इस आँकड़े को काफी सुधारा है और आज इसके परिणामस्वरूप वैश्विक धरातल पर भारत की इस मुहिम से उसकी एक नई पहचान बनी है।

अमित
बी.ए. (ऑनर्स) हिन्दी, प्रथम वर्ष

मेरी गलती क्या?

आज मुझे अपना परिचय देते हुए कोई शर्मिन्दगी महसूस नहीं होती लेकिन न जाने क्यों लोगों की नज़रें संदेह, घृणा और डर से भरी होती हैं। मैं न ही एक लड़का हूँ न ही एक लड़की, शायद मैं भगवान की एक अलग ही कृति हूँ। न जाने क्यों फिर भी मुझे समाज में वो स्थान, वो ओहदा क्यों नहीं मिला। समाज क्यों हमें एक अलग ही नज़रिए से देखता है? क्यों हमें समाज से काट कर अलग रखा जाता है? हमें लोग अलग ही नजरिए से देखते हैं। आखिर मेरी गलती क्या है कि मैं ''किन्नर हूँ और आदमी या स्त्री, और पुरुष से बढ़कर भी एक पहचान मौजूद है और वो है ''मनुष्यता'' की। आज क्यों हम सिर्फ स्त्री और पुरुष तक ही सीमित हैं? क्या हमारी कोई जिन्दगी नहीं है। क्या हमें जीने का हक नहीं है?

जब किसी घर में कोई नवशिशु आता है, तो उनसे ज्यादा हमें खुशी होती है। हम बधाईयाँ देते हैं, दुआएँ देते हैं, जश्न में शरीक होते हैं लेकिन वो सम्मान हमें नहीं दिया जाता जिसका एक मनुष्य हकदार है। समाज में किन्नरों की स्थिति बहुत दयनीय है। किन्नर अपनी आजीविका स्वयं ही अर्जित करते हैं। किन्नरों की स्थिति पर किसी का ध्यान ही नहीं जाता है।

जब किसी घर में बच्चा पैदा हो तो क्यों उसे मार दिया जाता है, मन्दिर में छोड़ दिया जाता है। क्या उसमें उस मासूम की कोई गलती है? वो बच्चा जिसमें सिर्फ और सिर्फ एक कमी है, क्या उस एक कमी की वजह से उसकी अन्य सभी कुशलताओं को नज़र अंदाज किया जाना चाहिए। कहा जाता है देश विकसित हो रहा है लेकिन देश का विकास करने से पहले अपनी–अपनी मानसिकता और दृष्टिकोण का विकास अत्यधिक महत्वपूर्ण है। मनुष्य ही मनुष्यता का हनन करते हैं और अन्य चीजों में ज्ञान का पाठ पढ़ाते हैं। कभी लोग अपने दृष्टिकोण को स्वस्थ करके देखें फिर देखिए बदलाव और विकास।

किन्नरों की जिंदगी भी कोई जिंदगी है? उनके जीवन में न माँ का प्यार है ना पिता का स्नेह और परिवार के बारे में तो शायद ही कभी सोचें। पर उनकी अपनी एकता को देखें तो ''परिवार'' का प्यार भी बौना साबित होगा। क्यों कोई परिवार एक किन्नर बच्चे को स्वीकार नहीं करता? कहीं न कहीं इसके पीछे उनकी मानसिकता और साथ ही साथ समाज का भय उनको यह करने पर विवश करती है। किन्नरों में भी हृदय है, स्नेह है और भावनाएँ हैं। उन्हें भी अन्य मनुष्यों की तरह ही जीने का पूरा अधिकार है। यदि वे भी सामान्य मनुष्य की तरह ही जीवन व्यतीत करें तो उन्हें कोई भी पहचान नहीं सकता कि वे एक ''किन्नर'' हैं। वे भी भविष्य के अब्दुल कलाम, किरण बेदी, अल्बर्ट आइंस्टाइन बन सकते हैं और एक सामान्य और गरिमामय जीवन व्यतीत कर सकते हैं–

''आखिर मैं भी हूँ उस फरिश्ते की कृति
फिर मुझे क्यों नहीं मिलती इस समाज में स्वीकृति।''

सरिता
बी.ए. (ऑनर्स) राजनीति विज्ञान, प्रथम वर्ष

मेरे आसपास

मानव एक सामाजिक प्राणी है, मानव है तो समाज है न कि समाज से मानव है। जैसे कि हमारे विषय ''मेरे आसपास ये दीवारें'' इस ओर संबोधन करती है कि लोगों की बंदीशे हजार और स्वतंत्रता नाममात्र की दी जा रही है। यहाँ व्यक्ति स्वतंत्र तो है परन्तु वह विचारों के बंधन से आप भी बंधा हैं। शारीरिक मुक्ति ही स्वतंत्रता नहीं हमारे विचार भी हमें बंधन में रखते हैं। कुछ रुढ़ियां जो मिथक या अप्रासंगिक हैं उन्हें भी हम पूर्वजों की आड़ में पीढ़ी–दर–पीढ़ी आगे बढ़ाये जा रहे हैं। जिनका वर्तमान में कोई मूल्य नहीं फिर भी उन्हें हम बिना सोचे–समझे भावी पीढ़ी पर थोप देते हैं। पीढ़ियों का अंतर बहुत है यहाँ वस्तु, समय, काल सभी में परिवर्तन होता रहता है परन्तु पुराने विचारों के लोग अपने विचारों को परिवर्तित नहीं करते। समय बीत जाता है पर वह उसी दौर में जी रहे होते हैं। उन विचारों के साथ आज की भावी पीढ़ी का तालमेल स्थापित करना पूर्ण रूप से संभव नहीं। यह दौर इस पीढ़ी को अपने अधिकारों का हनन उनके निजी जीवन में हस्तक्षेप अनुभव करने लगते हैं। उनके लिए यह अनुशासन किसी दीवारों या बंधन से कम नहीं होते। वह पारदर्शी तो होते हैं परन्तु अंदर की व्यथा तो अपारदर्शी होती है। प्रत्येक व्यक्ति अपनी स्वतंत्रता को सदैव रखना चाहता है। वह उस पर कोई हस्तक्षेप नहीं रखना चाहता है। वह हर वह नियम व अनुशासन को रोक देना चाहता है जो उसे आगे बढ़ने से रोकती है या कुछ ऐसा करने के लिए रोकती है जो वह कर सकता है या करना चाहता है क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति अपने बाहरी चीजों से भी प्रभावित होता है। वहीं प्रभाव उनको बंधन के रूप में लगने लगता है। मेरे आसपास ये दीवारें, इस संकेत को दिखाती है कि व्यक्ति स्वयं की उन रीतियों, रूढ़ियों, नियमों, अनुशासन आदि से बंधा हुआ है। जो उसे दीवारें लगने लगती हैं। वह स्वयं को कहीं न कहीं खो देते हैं।

आज भी कुछ रीतियाँ ऐसी हैं जिसका कोई आपने आप में वजूद नहीं है परन्तु लोग निभा रहे हैं क्यों? क्योंकि उन्हें यही सिखाया गया है कि तुम यह करों तो अच्छा होगा, घर में रहो तुम लड़की हो उन्हें बचपन से ही उन्हें उनकी सीमा व दायरे में बाँध दिया जाता है। उन्हें हर समय यह बताया जाता है कि तुम लड़की हो तुम कुछ नहीं कर सकतीं, तुम वही करोगी जो बोला जाएगा आखिर क्यों इन पर इतनी सीमा है। इन्हें सोचने, बोलने की आजादी नहीं क्यों? इनके आगे ये लड़की होने की दीवार बना दी जाती है। कहते हैं कि आज हर लड़का, लड़की समान है पर यदि हम अपनी अंर्तात्मा से पूछे तो पाएंगे कि इतनी सच्चाई है इसमें क्या हमें इन दीवारों को घरों से ही या बचपन से ही खत्म नहीं करनी चाहिए? मुझे लगता है परिवर्तन बड़ी चीजों से नहीं छोटी–छोटी चीजों से ही शुरूआत की जानी चाहिए। आज घरों में लड़की पढ़ रही हैं कल आगे बढ़ेंगी तो वह उन सभी दीवारों को तोड़ने में सक्षम होंगी जो उसे देखनी पड़ी हैं। यदि यह दीवारें केवल मात्र दीवारे नहीं। समाज में परिवर्तन करने से, व्यक्तियों को जीवन में परिवर्तन करने से व्यक्तियों को जीवन में परिवर्तन लाने के लिए और स्वतंत्र समाज बनाने के लिए विचार, चिंतन दोनों को सुधारने होंगे तभी हम इस बंधन रूपी दीवारों को तोड़ सकते हैं। हर व्यक्ति स्वतंत्र होकर जीवन को एक नया मुकाम देना चाहता है। यह स्वतंत्रता उसे स्वयं बनानी है इसके लिए कुछ तो पहल करनी होगी।

इन रुढ़ियों को समाज स्वयं अपनाता है अपनी–अपनी सहुलियत के अनुसार जिसमें चंद लोगों का ही फायदा होता है बाकी उनके बोझ तले दबे रह जाते हैं। बंधन वही सही है जो एक सीमा तक रखे जाए। अन्यथा बाँध में जब पानी अधिक हो जाता है तो वह भी उसे तोड़ बाहर आने का प्रयास करता है तो एक मनुष्य क्यों अपने आस–पास की इन दीवारों में दबे हैं उन्हें भी इससे निकलने का प्रयास करके जीवन मे आगे बढ़ना चाहिए। अति सदैव हानिकारक होती है।

सरोज मौर्या
बी.ए. हिन्दी (ऑनर्स), तृतीय वर्ष

प्रदूषण

पर्यावरण का सीधा अर्थ हमारे आस–पास के वातावरण से है। वातावरण जो आज के समय में दूषित हो चुका है। जिसमें हमारा ही सीधा हाथ होता है। हम अपने में बदलाव तो लाते नहीं और सामूहिक तौर पर प्रदर्शन करते हैं। स्वच्छता का नारा लगाते हैं। पर्यावरण जो आज के समय में इतना दूषित हो चुका है। चाहे वह जल, वायु यहाँ तक कि मिट्टी भी आज प्रदूषित हो चुकी है। जो हमारे साथ–साथ हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए खतरनाक सिद्ध हो सकती है।

पर्यावरण को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी के विषय में यदि हम देखें तो यह पाते हैं कि आज के समय में यह केवल दिखावा मात्र रह गया है। हम अपने घरों में अपने घरों के आस–पास तक ही स्वच्छता का ध्यान रखते हैं। जबकि हमारे घरों से निकला कूड़ा–करकट जिसका निपटान यदि सही से न हो तो वह भी हमारे व हमारे वातावरण के लिए हानिकर है। पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए सामूहिक तौर पर बाद में प्रयास करना चाहिए। सबसे पहले हमें स्वयं में ही बदलाव करना चाहिए क्योंकि जब तक हम स्वयं में बदलाव नहीं करेंगे तब तक हम दूसरों से उम्मीद भी नहीं कर सकते हैं।

2 अक्टूबर जो गाँधी जयंती के रूप में मनाया जाता है, अब उसे हम 'स्वच्छता दिवस' के रूप में मनाते हैं। गाँधी जी के माध्यम से उनकी विचारधाराओं को अपना कर स्वच्छता की बात तो कि जाती है पर वह केवल भाषण मात्र ही होता है। एक दिन स्वच्छता के विषय पर ध्यान देकर हम वातावरण में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं ला सकते हैं। वातावरण की ओर ध्यान केन्द्रित करने के लिए पहले व्यक्तिगत स्तर पर बदलाव लाना पड़ेगा। हम इसकी शुरुआत खुद अपने घर से, फिर अपने मुहल्ले, फिर अधिक–से–अधिक लोग इस मुहिम में कार्यरत हों तभी यह सफल हो सकता है।

पर्यावरण के प्रदूषित होने के कारण हम मनुष्य तो परेशान हैं ही, साथ में जीव–जंतु भी जो अब धीरे–धीरे विलुप्त होते जा रहे हैं। जीव–जन्तुओं को पलायन करना पड़ जाता है। हम अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए, या यूँ कहें हमारी आवश्यकताएँ इतनी बढ़ चुकी हैं, कि हम अपने आराम और सुख–सुविधा के लिए काफी बड़े स्तर पर जंगल को नष्ट कर देते हैं। सामूहिक तौर पर हम खाली जगहों पर पेड़ लगा सकते हैं। नदियों में जो कूड़ा–करकट डाला जाता है, उसके बारे में लोगों को जागरूक कर नदियों को गंदा होने से बचा सकते हैं। हम अपने छोटे–छोटे प्रयासों से पर्यावरण में काफी बदलाव ला सकते हैं। जरूरत बस यह है कि जब हम अपने अंदर बदलाव करें तभी यह सफल हो पाएगा।

रीमा

बी.ए. हिन्दी (ऑनर्स), तृतीय वर्ष

पुस्तक

ज्ञान का भण्डार हैं पुस्तकें
विचित्र एक संसार हैं पुस्तकें।

लघु दीर्घ अनुभवों का भण्डार हैं पुस्तकें
सिद्धान्त और व्यवहार का सागर हैं पुस्तकें।

जीवन को सफल बनाती हैं पुस्तकें
बुद्धि के घोड़े दौड़ाती हैं पुस्तकें।

मनोरंजन हमारा करती हैं पुस्तकें
धनोपार्जन के लिए समर्थ बनाती हैं पुस्तकें।

परीक्षा के समय छात्रों का ब्रह्मास्त्र होती हैं पुस्तकें
निश्चित सुन्दर भविष्य बनाती हैं पुस्तकें।

एक विचित्र संसार हैं पुस्तकें
सम्पूर्ण संसार के रहस्यों का सार हैं पुस्तकें।

लक्ष्मी तोमर

बी.ए. (हिन्दी ऑनर्स), तृतीय वर्ष

ये दीवारें

मेरे आस–पास ये दीवारें अर्थात् वे अवरोध जो कि मानसिक, आर्थिक, सामाजिक, पारिवारिक इत्यादि रूपों में व्यक्ति अपने आस–पास पाता है। व्यक्ति की उड़ान अर्थात् उसके लिए या किसी समाज के उत्थान एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करना एवं इसके साथ–साथ इसे सच करने के लिए व्यक्तिगत तौर पर भरपूर प्रयास करना। भारत एक ऐसी विभिन्नता भरा देश है जहाँ अनेक धर्म, जाति एवं संप्रदाय के नागरिक मौजूद हैं। मुस्लिम एवं हिन्दू के मध्य वाद–विवाद किसी देश के प्रति ही घातक नहीं है अपितु व्यक्तिगत तौर पर भी गलत है? ये बंदीशें ही हैं कि कोई हिन्दु मुसलमान से मित्रता करने पर कटाक्ष और तर्कों का सामना करता है। लड़कियों को क्यों अपना मनपसंद वर चुनने का अधिकार नहीं दिया जाता है, क्यों जातिगत भेदभाव किया जाता है? आज भी ये सभी चीजें जड़ से उखड़ नहीं पाई हैं। लड़कियों को लड़के न होने वाले असमान व्यवहार से अभी भी पूरी तरह दूर नहीं किया गया है। ये सभी सवाल दर्शाते हैं कि अभी भी व्यक्तियों के आस–पास ये दीवारें प्रत्यक्ष रूप से न सही अप्रत्यक्ष रूप से मौजूद हैं।

लड़कियों के साथ होने वाले भेदभावों को मैं अपनी आत्मा में महसूस करता हूँ कि सामाजिक अवरोध के कारण लड़कियों को पढ़ाई करने के लिए क्यों संघर्ष करना पड़ता है? लड़कियों को कोई भी चीज़ आसानी से प्राप्त नहीं होती। पढ़ाई के लिए पूरे परिवार वालों को समझाना आदि समस्याओं की वजह से कितनी मेरी बहनें, जिन्हें कॉलेज आने का अवसर प्राप्त हुआ, परिवार वालों के दवाब ग्रस्त होने कारण वे कॉलेज की शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकेगी। ये है आज की सच्ची तस्वीर जो कि लड़कियों की शिक्षा के प्रति स्वयं को दर्शाती है।

मानसिक तनाव : माँ की मृत्यु हो जाने के बाद पिता के हाथों ने ऐसा संभाला कि माँ की बजाए पिता सभी जगह ले सकता है। उनके जैसे दिमाग में आए प्रश्न दूर हो गए। दादी, बुआ, आदि ने ये तर्क दिया की लड़कियों को 12वीं कक्षा के उपरांत विवाह करके उनके प्रति जिम्मेदारी को खत्म कर दिया जाए किंतु इसके प्रति मेरे पापा एवं मैंने दोनों ने आवाज़ उठायी ऐसी कई अवरोधक घटनाएँ लड़कियों के जीवन में आती हैं किन्तु लड़कियों को ऐसी समस्याओं का सामना करना सीखना होगा और इससे संघर्ष करना भी।

लड़कियों को हमेशा गृहणी के रूप में ही सोचा जाता है। ऐसी सामाजिक बंदिशों से निकलना हर स्त्री के लिए संघर्षकारी है किंतु महिला को पुकारा ही शक्ति के स्वरूप में जाता है। इसलिए हर लड़की सक्षम है कि वह अपने लिए संघर्ष कर सके।

मानसिक भय भी सबसे खतरनाक होता हैं जो कि लड़कियों के दिमाग में बचपन से डाला जाता है कि वह लड़कों जितनी ताकतवर नहीं होतीं। लड़कियों के खेल अलग होते हैं उनकी क्षमताएँ अलग होती हैं। किन्तु मेरी नज़र में एक स्त्री जो कि अपने शरीर में से किसी और जान को जीवित कर सकती है तो वह किसी पुरुष के बराबर नहीं किंतु उससे अधिक ही सहनक्षमता, एकाग्रता, शक्ति आदि का स्वरूप होती हैं।

अपनी जाति में विवाह करना आदि सामाजिक दवाब भी हर लड़की को सहन करना पड़ता है। शादी के लिए लड़का घरवाले पसंद करेंगे आदि चीजों का चयन जो सब लड़कियों का अधिकार होना चाहिए वह घर के बड़ों पर होता है। लड़का अलग भाग कर शादी कर ले तो उसे उसके घर वाले अपना लेते हैं कोई ना इकलौता लड़का है किंतु दूसरी ओर लड़की के रिश्ते अपने परिवार वालों से टूट जाते हैं। क्यों ऐसे असमान व्यवहार के प्रति लड़कियों को हर बार अपना संघर्ष करना पड़ता है। एक लड़की जिसे जिंदगी भर किसी के साथ रहना है तो उसका चुनाव करने का अधिकार भी उसे होना चाहिए।

क्या पहनना है क्या व्यवसाय करना है ऐसे चुनावों का चयन करने का अधिकार केवल उन्हें होना चाहिए

जिन्हें संवैधानिक रूप से मिला है किंतु आज भी उन्हें अपने ही अधिकारों के प्रति जुझना पड़ता है।

ऐसी अनेक बंदिशें हमेशा से ही लड़कियों के साथ रही हैं। लेकिन गहरा सच यह भी है महिलाओं ने इसका डटकर सामना किया हैः–

मेरे आस–पास, हैं ये दीवारें
तोड़ना है मुझी को चाहे,
करना पड़े संघर्ष, होना पड़े क्षतिग्रस्त
रूप हैं इन दीवारों के अनेक
चाहे हों सामाजिक चाहे हो आर्थिक परिवेश,
हमेशा ही इन दीवारों को टूटना पड़ा है
लड़कियों को उड़ान भरने से भला कोई रोक सका है।

कविता
बी.ए. (ऑनर्स) राजनीति विज्ञान, प्रथम वर्ष

खुशी की तलाश

हर पल अब खामोश है
गुम हुआ वो बचपन का जोश है।
जिंदगी के नीले गगन पर छाया अंधकार है
ना जाने किस खुशी की इस दिल को तलाश है।
चेहरों पर सब एक मुखौटा लगाए हुए हैं
झूठी हंसी में सबको बहकाए हुए हैं
दिल–ओ–दिमाग का ये क्या रिश्ता है
तकलीफ़ में यह दिल ही क्यों पिसता है?
ये अश्क ही धड़कते दिल के सच्चे साथी हैं
दिल के बुरे वक्त में दौड़े चले आते हैं।
सबको यहाँ कुछ पाने की ख्वाहिश है।
अपनों को भूलने का सिलसिला चला है।
किसी के पास आकर चले जाने का
दस्तूर ये आजकल की कला है।

साहिल सैनी
बी.एस.सी. सांख्यिकी, द्वितीय वर्ष

या रब्बा मेरे दोस्तों तक संदेश पहुँचा दे

या रब्बा मेरे दोस्तों तक संदेश पहुँचा दे,
उसके दिल में ख्याल मेरा भी जगा दे,
मस्त हो गया है वो मुझसे दूर जा के,
उसको मेरी भी जरा–सी याद दिला दे।
मुझे इतनी फुर्सत कहाँ कि मैं तकदीर का लिखा देखूँ,
बस अपनी माँ की ''मुस्कुराहट'' देख कर समझ जाता हूँ
कि ''मेरी तकदीर'' बुलन्द है।
इतना दिया सरकार ने,
जितनी मेरी औकात नहीं,
यह तो करम है मेरे दाता का,
कि मुझसे कोई ऐसी बात नहीं...।
अजीब–सा रिश्ता है मेरे और भगवान के बीच,
ज्यादा मैं मांगता नहीं और कम वो मुझे देता नहीं...
कौन कहता है कि बचपन वापस नहीं आता,
कुछ वक्त माँ के पास बैठ कर तो देखो,
बच्चा ना महसूस करो फिर कहना...।

केशव गोयल
माइक्रोबायोलॉजी (ऑनर्स), प्रथम वर्ष

अस्तित्व : एक पहचान

अस्तित्व उसका गुमनाम है,
धुँधली उसकी पहचान है,
लोगों की नज़रों में फिर,
क्यों कहलाता वो शैतान है?
घर में कोई खुशी आए तो उसको बुलाया जाता है,
परन्तु उसी समाज में उसे नीचा दिखा उसको रूलाया जाता है।
छिन्न–भिन्न सा उसका अस्तित्व यूँ कुछ रूठा हुआ है,
सारे समाज से वो इस तरह टूटा हुआ है,
उसका आशीर्वाद जहाँ परमात्मा से ऊपर माना जाता है।
यह वही है जो किन्नर के नाम से जाना जाता है।
जन्म होते ही जिसकों माँ–पिता से दूर कर दिया जाता है,
उसी समय लोगों के मन में उसके प्रति घृणा और तिरस्कार भर दिया जाता है।
क्यूँ हम समाज के इस नज़रिए को नही बदल पा रहे हैं?
शिक्षित होते हुए भी अशिक्षितों की भूमिका निभा रहे हैं।
हम ही लोगों को समाज में ये बदलाव लाना होगा,?
भगवान की इस देन के प्रति प्यार और सम्मान जगाना होगा,
किन्नर एक नाम नहीं, धब्बा है माना जाता
उसकी भावनाओं और अहमियत को क्यों संसार में नहीं माना जाता।
किन्नर वो एक दीपक है जो खुद जलकर संसार में रोशनी फैलाता है।
वो एक फूल है जो खुद टूटकर सारे संसार को महकाता है।
वो एक नदी है जो इस समाज की कीचड़ साफ करता है।
फिर भी ये समाज क्यों उसको तड़पाता है?
उसके जीवन को नरक से बदतर बनाता है।
अब हमें इस समाज में कुछ करके दिखाना होगा,
किन्नर के अस्तित्व के लिए लड़कर दिखाना होगा,
उसको भी इस समाज में अब सम्मान से रहना होगा,
तिरस्कार और नफरत ना अब उसको सहना होगा।
भगवान ने उसको किन्नर बनाया इसमें उसकी क्या गलती है?
फिर क्यों ये दुनिया उसको इस तरह से छलती है।
संसार की अब छोटी सोच को बदलना चाहिए,
किन्नर भी एक इंसान है इस बात को समझना चाहिए।
उसके अस्तित्व की धुँधली तस्वीर को साफ करना होगा,
समाज में उसे प्यार, सम्मान और पहचान दिलाना होगा।

विन्नी गिल
बी.ए. (ऑनर्स) राजनीति विज्ञान, द्वितीय वर्ष

अभिव्यक्ति

(1)

परछाई के पीछे–पीछे भाग रहा है मन,
चाँद को मुठ्ठी में भरने को, रोज करता है जतन।
प्यासे इस पंछी को, कोई नदी मिलने दो ना,
जिंदगी के ख़्वाबों को अब हकीकत बनने दो ना।
फिर जब भी दर्द का बादल छाएगा, जब गम का साया लहराएगा,
जब आँसू पलकों तक आएंगे, जब भी दिल घबराएगा,
तब इस दिल को यह समझाना, दिल तू आखिर क्यों रोता है?
हवा के झोंकों के जैसा आजाद होना सीखो
तुम इस दरिया के जैसे लहरों में बहना सीखो
हर एक लम्हें से मिलो तुम खोलो अपनी बाहें
हर एक पल एक नया समा बाँधो
ख्वाबों की राह आसाँ नहीं होती पगले
है जुनून तो कट जाती हैं यह हँसते–हँसते।

(2)

फिर कोई काँटा तुम्हारे, पाँव में शायद चुभा है
टीस–सी गहरी उठी है, दिल मेरा रो दिया है।
आज आँखों में तुम्हारे, बादलों के साएँ देखे
अश्कों की बरसात से मन मेरा भीगा हुआ है।
लबों पर देखा तुम्हारे, एक तबस्सुम फूल जैसा
यह मेरे जज़्बात का गुलशन, तभी महका हुआ है।
प्यार बन कर चाँद नज़रों में तुम्हारे झिलमिलाए
आज सीने में मेरा तूफान–सा उमड़ आया।
कल तुम्हारे हाथ ने सहला दिया एक ज़ख़्म मेरा,
हर रोज एक घाव बनकर आज फिर रिसा हुआ है।
दर्द का इज़हार करना अब ज़रूरी हो गया
चाहतों के ज़ोर से दिल हर तरफ बेचैन–सा है।

शोभिक आनन्द
बी.एस.सी (ऑनर्स) माइक्रोबॉयोलोजी, प्रथम वर्ष

माई भात ला दे रे

कुटिल रात्रि के कुचक्रो ने
दिग घेर लिया तम वक्रो ने
अब क्षुधाग्नि भभक उठी
धर विकराल रूप अब धधक उठी
दिन बीत गए, तीन जोहते
अन्न शेष बचा न जठरों में
विष घोल कटोरी भरकर
मुझे अपने हाथ पिला दे रे।
भईया निरशन विषण्ण बिलबिलाता है
माई भात कहीं से ला दे रे।
बीते जाने कैसे–कैसे दस बरस
यही कथा रही, हम अभागों की
लोरी गाकर जो बताती थी
मिली कब रोटी, वह अपने भागों की
रहा आसरा जाने किन हाथों का
चन्दा मामा के दूध भातों का
अब लवण बन गए अश्रु सूख–कर
अब प्राण आ गया है मुख–पर
मेरी रहने की आशा छोड़
बस भइया को जिला दे रे
देख कैसे सन्न पड़ा मुख ताक रहा
माई भात कहीं से ला दे रे।

किशन सरोज
बी.ए. (ऑनर्स), द्वितीय वर्ष

और मैं रो पड़ी...

किस से कहूँ, कैसे कहूँ कि, मैं रो पड़ी।
मेरी आवाज को दबा दिया गया।
किस से कहूँ, कैसे कहूँ कि, मैं रो पड़ी।

आसमान में उड़ने की चाह को लेकर, मुझे नीचे उतार दिया गया।
चाह कर न कुछ कर पाई मैं।
किस से कहूँ, कैसे कहूँ कि, मैं रो पड़ी।

माँ की ममता, पापा का प्यार लेकर, मैं चुप हो गई
भाई का दुलार, बहन का स्नेह, लेकर मैं खुश हो गई
अपने सपनों को तोड़कर, मैं चुप हो गई
किस से कहूँ, कैसे कहूँ कि, मैं रो पड़ी।,

देखकर अपनों का स्नेह, खुश मैं हो गई
तोड़कर अपने अरमानों को, घर अलग बसा लिया।
खुद से अलग न कर पाई, अपने सपनों को
दर्द इतना ये दे गया
दिल में दबा कर अपने आँसू को, मैं खुश हो गई।
चाहकर भी न बना पाई अपने सपनों का घर
किस से कहूँ, कैसे कहूँ कि, मैं रो पड़ी।

इस चिड़िया को न उड़ने दिया, पर जीना इसने सीख लिया
खुश न रहकर भी खुश है, दिखावा करना सीख लिया
किस से कहूँ, कैसे कहूँ कि, जीना मैंने सीख लिया
किस से कहूँ, कैसे कहूँ कि, रोना मैंने छोड़ दिया।

नीतू कुमारी
बी.ए. (ऑनर्स) हिन्दी, द्वितीय वर्ष

भेदभाव क्यूँ?

मैं एक स्त्री हूँ, जब माँ के गर्भ में आई थी तब से निरन्तर प्रतिदिन एक नए संघर्ष और बंदिशों का सामना करती हूँ। मैं आज भी महसूस करती हूँ तो मेरी रूह काँप जाती है। जब एक दिन दादी ने माँ से कहा था कि तुम्हें गर्भपात कराना है। माँ ने बहुत विरोध किया परन्तु उनकी किसको थी। अंततः मेरे पिताजी ने दादी को समझा दिया और दिलासा दिलाई कि यह पहली बच्ची है, आगे बेटा हो जाएगा और दादी मान गयीं। मैं पैदा हुई घर में सबसे अधिक माँ ही खुश थीं। जब मैं दस वर्ष की हुई तो माँ पुनः गर्भवती हुई। दादी ने उनसे कहा कि चलो डॉक्टर के पास चैक–अप को लेकिन माँ तैयार न थी। फिर भी घर के दबाव से उन्हें जाना पड़ा। जब माँ घर पर आई तो मैंने देखा माँ दुःखी थी और दादी गुस्से से लाल नज़र आ रही थी। मैं समझ न सकी मैंने माँ से पूछा–''माँ क्या हो गया आप रो क्यों रहीं हैं? माँ कुछ नहीं बोली चुप रहीं। उनकी चुप्पी को मैं अक्सर समझने की कोशिश करती थी पर बचपन में समझ न सकी, कि ये मामला क्या था? परन्तु आज मैं समझ सकती हूँ ये मातम था एक बेटी के आने का।

मुझे याद है जब एक रात दादी पापा से चुपचाप अंधेरे में काली अमावस की रात में माँ के गर्भपात कराने की बात कर रहीं थी। पहले तो पिताजी इसके पक्ष में नहीं थे लेकिन जल्द ही वे दादी का समर्थन करने लगे। अगली सुबह जब मैं खेल रही थी तो पापा ने माँ से कहा ''मैं इस बेटी को नहीं पाल सकता, तुम्हें इस बार गर्भपात कराना ही पड़ेगा।'' माँ मानने को तैयार नहीं थी लेकिन जबरदस्त विरोध के कारण वह झुक गई और एक बेटी को समाज पर फिर बलि चढ़ा दिया गया। माँ कई दिन तक रोई पर धीरे–धीरे मुझे देखकर वह तसल्ली कर लेती।

मुझे याद है कि इस घटना के हफ्ते भर बाद तक माँ ने कुछ भी ठीक से खाया पिया नहीं था, जबकि हत्यारे खुश थे अपनी सफलता पर। जब मैं 12 वर्ष की थी तब पहली बार मुझे घर पर शाम 6 बजे तक आने की नसीहत दी गयी थी कि ''समय पर आया करो घर'', मैं चुप रही क्योंकि शायद मैं डर गयी थी। फिर जब मैं कॉलेज जाने लगी तो रास्ते में अक्सर कुछ भेड़िये हम पर घूरते। हमने घर पर बताया तो फिर नसीहत मिली ''रास्ता बदल लो और ठीक से कपड़े पहन कर जाया करो''। मैं चुप रही क्योंकि शायद मैं इसे स्वीकार कर चुकी थी और इन दीवारों को ही अपनी सीमा रेखा मान चुकी थी जिसके आगे मुझे नहीं जाना था।

इसी तरह घर पर माँ भी दीवारों से घिरी हुई थी पर इसका उन्हें ज़रा भी इल्म नहीं था। परन्तु मुझे था क्योंकि मैंने समझ लिया था कि यह मेरी अंतिम सीमा नहीं है और मुझे इसके कहीं आगे जाना है, क्योंकि मैंने शायद कुछ भी गलत नहीं किया जो इसके पहले मेरे घर वाले कहते थे कि 'बाहर घूमना, देर से घर आना, खुलकर हँसना, लड़को से बात करना यह सब गलत है। मैंने महसूस किया कि यह तो स्वार्थी मर्दों द्वारा बनाई गयी दीवार है जिसका उद्देश्य एक महिला को कैद करना था।

एक बार मुझे देर आने की नसीहत घर पर फिर से दी गयी पर इस बार मैं चुप नहीं रही, न ही ड़री बल्कि मैंने सवाल किया, अपने पिताजी से कि ''ये नियम किसने बनाया कि स्त्री घर के बाहर शाम ढ़लने के बाद नहीं रह सकती और पुरुष जब तक चाहे बाहर रहें और यदि इच्छा हो तो मदिरा जैसे गुणकारी और लाभकारी पेय का सेवन कर लें।'' पिताजी झुंझला पड़े पहले तो उन्होंने मुझे थप्पड़ रसीद किया फिर अपना तर्क प्रस्तुत करते हुए कहा कि ''महिलाएँ आत्मरक्षा नहीं कर सकतीं यदि कोई घटना हो जाए तो पुरुष तो बच जाएगा या सामना कर लेगा क्योंकि वह शारीरिक रूप से सक्षम हैं पर महिलाएँ कैसे आत्मरक्षा करेंगी?'' इस पर मैंने भी सवाल कर दिया कि ''ऐसे पौरुष युक्त पुरुष उस समय अपनी कारों को रोकने का साहस नहीं कर पा रहे थे, जब एक महिला दिल्ली की मुख्य सड़क पर नग्न बदन सहायता माँग रही थी, चीख रही थी, तड़प रही थी, तब उन शारीरिक सबल लोगों (पुरुषों) का झुण्ड कहाँ गया था? जब भेड़िये भेडों को नुकसान पहुँचा रहे थे तो जरूरत है भेड़ियों को काबू रखने की, न कि मेरे आसपास या मुझ जैसी महिलाओं के आसपास दीवार बनाने की।'' पिताजी के तर्क शायद इसके आगे मेरा सामना करने का साहस नहीं जुटा सके क्योंकि मैंने अपने आस–पास की दीवार को तोड़ दिया था।

अनुगृह त्रिवेदी

बी.ए. (ऑनर्स) राजनीति विज्ञान, प्रथम वर्ष

बेटियों का अधिकार

आज मैं आपको 'बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओं' अभियान के बारे में कुछ बताना चाहूँगी। हमारे समाज में बेटियों को किस प्रकार शिक्षा दी जाती है या उनका किस प्रकार सम्मान किया जाता है? हमारे समाज में बेटियों को बेटों के मुकाबले कम शिक्षा व कम सम्मान दिया जाता है। बेटियों को पढ़ाई से वंचित रखा जाता है। लेकिन हमें अपने समाज की इस सोच को बदलना होगा और उन्हें बेटियों के प्रति जागरूक करना होगा। समाज केवल बेटों के द्वारा ही नहीं बनाया या चलाया जाता है बल्कि उसमें बेटियां भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। बेटियों को हर अधिकार से वंचित रखा जाता है। बेटियों के घूमने–फिरने, पहनने आदि सभी पर रोक–टोक की जाती है। बेटियों को शिक्षा नहीं दी जाती है। उन्हें स्कूलों में नहीं भेजा जाता है। उन्हें घर की चारदीवारी में ही रखा जाता है। हमारे समाज में जहाँ पर बेटियों को बहुत अपमानित किया जाता है और उन्हें समाज के किसी भी कार्य में भाग नहीं लेने दिया जाता है। वही दूसरी ओर पुरुषों के साथ ऐसा व्यवहार नहीं किया जाता है। बेटियों को समाज में बहुत प्रताड़ित किया जाता है। पहले पर्दाप्रथा चली आ रही थी जिसमें महिलाओं को अपने चेहरे पर पर्दा रखना पड़ता था और उसे उतारने पर गुनाह माना जाता था। जिस प्रकार एक लड़के को सभी अधिकार दिए जाते हैं और उन्हें पूर्ण रूप से स्वतंत्रता दी जाती है तो फिर लड़कियों को क्यों नहीं? क्या एक लड़का ही समाज में बदलाव या विकास कर सकता है, लड़कियाँ नहीं? लड़कियों को भी सभी अधिकार प्राप्त होने चाहिए। बाल विवाह, दहेज प्रथा ये हमारे समाज में बहुत पहले से चली आ रही हैं। शादी के समय लड़की वालों से दहेज की माँग की जाती है। यदि दहेज ना दिया जाए तो फिर उनके साथ मारपीट की जाती है। महिलाएँ शोषण का शिकार बनती हैं। महिलाओं या लड़कियों को शिक्षा दी जानी चाहिए, उन्हें शिक्षा से वंचित नहीं रखा जाना चाहिए। क्योंकि लड़कियाँ शिक्षा प्राप्त करके लड़कों से भी आगे जा सकती हैं। लड़कियों को हमारे समाज व देश में हो रहे कार्यक्रमों में भाग नहीं लेने दिया जाता है। पहले हमारे समाज में खेलों में केवल लड़के ही भाग ले सकते थे। लड़कियाँ भाग लेना तो दूर उन्हें तो देखने की भी इजाजत नहीं थी। आज भी कुछ हद तक लड़कियों की स्थिति नहीं सुधरी है। लड़कियों के घर से बाहर निकलते ही उनसे तरह–तरह के सवाल किए जाते हैं। किसी भी लड़के से बात करते समय उन पर बहुत से आरोप लगाए जाते हैं। लड़कियाँ स्वतंत्र महसूस नहीं कर सकती। कहने को तो हमारा देश स्वतंत्र है। लेकिन लड़कियों के मामले में वो अभी भी स्वतंत्र नहीं हैं। लड़के जब चाहें कहीं भी आ जा सकते हैं, उनसे सवाल जवाब नहीं किए जाते। अगर उनकी जगह लड़की कहीं चली जाए तो कहाँ गई थी, किसके साथ थी, ये अजीब से सवाल किए जाते हैं। हमें अपनी व अपने समाज की इस सोच को बदलकर लड़कियों के हितों के बारे में अवगत करना होगा। तभी हम इस देश को एक स्वतंत्र देश कह पाएंगे।

लड़कों की तरह ही लड़कियों को समझना होगा। उनके जन्म के समय मातम मनाने की बजाए खुशी मनानी होगी और उन्हें किसी भी अधिकार से वंचित नहीं रखा जाए। लड़कियों को समान शिक्षा व स्वतंत्रता दी जाए। लड़कियाँ भी देश के लिए कुछ करना चाहती हैं उनसे वो अधिकार नहीं छिनना चाहिए। ये तभी संभव हो सकता है जब हम एकजुट होकर ये प्रण लें कि बेटी का अधिकार हमारा अधिकार है। महिलाओं और बेटियों की इज्जत करो और उन्हें सम्मान दो। इसलिए हमें इस नारे को आगे बढ़ाना चाहिए कि ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' और ये किसी एक व्यक्ति या समाज द्वारा ही नहीं किया जा सकता बल्कि यह पूरे देश द्वारा किया जाना चाहिए। अंत में मैं यही कहना चाहूँगी बेटियों का सम्मान करो और उन्हें उनके अधिकारों से वंचित न करो। इसलिए ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ''

विन्नी गिल
बी.ए. (ऑनर्स) राजनीति विज्ञान, द्वितीय वर्ष

मेरा गाँव शहर नहीं होना चाहिए

मेरा गाँव शहर नहीं होना चाहिए
ये हवा जहर नहीं होना चाहिए
बेवक्त हमें नहीं सोना चाहिए
कोयल की कूँक, मिट्टी की खुशबू
हरियाली को संजोना चाहिए
गाँव, शहर नहीं होना चाहिए।

मेरा गाँव शहर नहीं होना चाहिए
पैदल चलकर लम्बे रास्ते
पहिए का न खिलौना चाहिए,
खुली जगह ये खेत प्रिय हैं
मुझे छोटा–सा नहीं कोना चाहिए
गाँव, शहर नहीं होना चाहिए।

मेरा गाँव शहर नहीं होना चाहिए
किसी आया की गोद नहीं,
बच्चे को माँ की गोद में रोना चाहिए
गाँव को नजराने वाले तुझे
बुढ़िया का जादू–टोना चाहिए
मुझे याद है मेरे बचपन के दिन
मुझे वही याद सलोना चाहिए
गाँव, शहर नहीं होना चाहिए।

सूरज कुमार
बी.ए. (प्रोग्राम) प्रथम वर्ष

मन की बात

मन की भावनाओं को जता रहा हूँ
लो आज मैं तुमको बता रहा हूँ
मुझे कभी ये दिल्ली पसन्द ही नहीं आई
मजबूरन इसे अपना रहा हूँ

बड़ी दूर है गाँव मेरा–बड़ी दूर है गाँव मेरा,
उसे याद करके जिए जा रहा हूँ।
उम्मीद है एक दिन मजबूरी मिटेगी
तेरे–मेरे बीच की ये दूरी मिटेगी

इस शहर में हवा नहीं ज़हर लेता हूँ
साफ पानी को भी डर–डर के पीता हूँ
कोई नशे का ऐब नहीं, ये झूठ कैसे कहूँ
कलम हाथ में लिए 'दिले–ए–हाल लिख रहा हूँ।

कहने को तो मेरे दोस्त बेहिसाब हैं
पर तन्हाई में साथ मेरे, कलम और किताब हैं
वो गाँव की बात सुनना पसंद करते हैं
जो बने फिरते शहर के नवाब हैं
अगर मैं तुम्हारे शहर को ज़हर कहूँ तो गलत ही क्या है
क्या इस शहर में सच कहना भी कोई गुनाह है।

मैं अपने गाँव की तरफ मुड़ जाऊँगा
काट दोगे पंख मेरे ये तन त्याग के उड़ जाऊँगा
ये दिल्ली मुझे पसन्द ही नहीं
बार–बार मैं ये बार–बार दोहराऊँगा
मैं अपने गाँव की तरफ मुड़ जाऊँगा।

सूरज कुमार
बी.ए. (प्रोग्राम) प्रथम वर्ष

अपमान

मुझसे अब अपमान सहा नहीं जाता
क्या करूँ कुछ समझ नहीं आता,
पश्चाताप बहुत है पर लोगों को, क्यों समझ नहीं आता
मुझसे अब अपमान सहा नहीं जाता।
गलतियों का अम्बार है मेरे पास, क्यों फिर सीख नहीं पाता?
अपनों से भय लगता, फिर दूसरों के पास जाता
उनको अपनी कहानियाँ सुनाता और कहता
ए दोस्त मुझसे अब अपमान सहा नहीं जाता।
सब कहते तू बड़ा सहनशील है रे, इसलिए
सबकुछ सह जाता,
पर उन्हें क्या पता रोज रात को घुट–घुट कर
जीता और फिर मर जाता।
अगले दिन फिर उठता सोचता, कि आज कुछ
अच्छा हो जाता,
कही से मेरे अपनों का संदेश आ जाता, और कहते
कि आशु तेरे से ज्यादा दिन रूठा नहीं जाता।
पर मुझसे अब अपमान सहा नहीं जाता।

आशुतोष मिश्रा
बी.जे.एम.सी., प्रथम वर्ष

दिल्ली

चला जा रहा हूँ ऐ दिल्ली, तेरा दामन छोड़कर
क्योंकि तेरी आबो–हवा बहुत जहरीली हो चुकी है।
चला जा रहा हूँ ऐ दिल्ली, तेरा दिल तोड़कर
क्योंकि तेरी आबो–हवा बहुत जहरीली हो चुकी है।
हर वो शख्स मुझसे नाराज है, जो मेरा ख्याल
रखता था दिल्ली में,
इसलिए चला जा रहा हूँ ऐ दिल्ली तेरा दामन छोड़ कर।
जहाँ सूरज को जद्दोजेहद करनी पड़ती है निकलने के लिए
क्योंकि तेरे अपने ही, तेरी आबो–हवा बर्बाद कर रहे हैं,
इसलिए चला जा रहा हूँ ऐ दिल्ली तेरा दामन छोड़कर।

आशुतोष मिश्रा
बी.जे.एम.सी., प्रथम वर्ष

कभी दो मिनट का समय मिले तो

कभी दो मिनट का समय मिले तो–
उस माँ के साथ गुजार देना।
जिसका लाल सरहद पर इतिहास लिखकर चला गया।
जिसके सीने का दूध गर्व से उछल पड़ता है।
कभी वक्त मिले तो–
उन लोगों को सहारा देना,
जो मानवता के फुटपाथ पर बर्फीले तूफानों,
में बैठे ठिठुर रहे
जिनके शरीर में अंतिम रक्त कण भी सोख लिया गया है।
और हड्डियों का ढ़ांचा जीवन व्यवहार के लिए छोड़ दिया गया है।
कभी वक्त मिले तो–
उन बच्चों की आँखों में झाँकना
जिनका बचपन पैदा होने से पहले ही मर गया
उनको कोई चुटकुला सुनाकर हँसा देना।
शायद अँधी होती आँखों को कुछ रोशनी मिल सके
जब कभी दो मिनट का वक्त मिले तो–
उस चिलचिलाती धूप में पिछलती मानवता पर
दो आँसू बहा देना
शायद वो आँसुओं की नदी 'रजत'
तडपती उनकी आत्मा को कुछ शान्त कर सके।
कभी दो मिनट का वक्त मिले तो
उस माँ के साथ गुजार देना.....

रजत सैनी,
बी.ए. (ऑनर्स) राजनीति विज्ञान, द्वितीय वर्ष

ग्रामीण महिलाओं को कितनी स्वतंत्रता

आजादी के सातवें दशक में हम प्रवेश कर चुके हैं। लेकिन हमारे सामने हर बार यही सवाल खड़ा हो जाता है कि स्वतन्त्र देश में हमारी आधी आबादी यानि महिलाएँ खासकर ग्रामीण महिलाएँ कितनी स्वतन्त्र हैं? यह सवाल इसलिए भी लाज़मी है क्योंकि कहीं न कहीं ग्रामीण महिलाओं की आवाज हम तक पहुँच ही नहीं पाती है और वह शायद शहरी क्षेत्रों की महिलाओं के मुकाबले बद्तर जीवन जीने के लिए मजबूर हैं।

हमारे समाज में महिला जन्म से लेकर मृत्यु तक एक अहम और संघर्षशील किरदार निभाती हैं। अपनी सभी भूमिकाओं में निपुणता दर्शाने के बावजूद आज के आधुनिक युग में महिलाओं को पुरुषों के बराबर उठने–बैठने लायक नहीं समझा जाता है। शहरी क्षेत्रों में तो फिर भी हालात इतने खराब नहीं पर ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की स्थिति चिन्ता करने योग्य है।

आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में उच्च–शिक्षा के प्रचार–प्रसार का अभाव है जिससे महिलाओं को लेकर तरह–तरह की कुरीतियों का बोलबाला है। लड़कियों को स्कूली शिक्षा से दूर कर दिया जाता है यह कहकर कि तुझे पढ़–लिखकर क्या करना है?

जिस देश में लगभग तीन–चौथाई आबादी गाँव में बसी हो और कृषि ही अर्थव्यवस्था का आधार हो उस देश में ग्रामीण विकास के बिना हम कैसे यह कल्पना कर सकते हैं कि वहाँ की औरतें पुरुषों के बराबर खड़ी हो सकती हैं? क्योंकि जब पुरुष ही दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करता है तो औरतें किस प्रकार उस समाज से संघर्ष कर पाएँगी। बाल–विवाह, दहेज उत्पीड़न, बलात्कार में जकड़ी ग्रामीण महिलाएँ किस प्रकार अपनी आवाज बुलन्द कर पायेगी? ऐसी सैंकड़ों–हजारों लड़कियों के साथ हुए बलात्कार को यह कहकर दबा दिया जाता है कि इससे हमारी समाज में बदनामी होगी। गाँव की लड़कियों को तो ये जानने तक का अधिकार नहीं होता कि उसकी किस घर से शादी हो रही है, उसका पति क्या करता है? उसके शादी होने तक उसे कुछ नहीं पता होता है।

परिवार नियोजन, दहेज प्रथा इन दोनों को मैं भ्रूण हत्या का सबसे बड़ा कारण मानता हूँ। कैसे? परिवार नियोजन योजनाओं का परिणाम यह हुआ कि बेटियों की संख्या लगातार घटती गई क्योंकि हर परिवार को अनिवार्य रूप से सिर्फ पुत्राधिकारियों की ही जरूरत थी। बेटों को प्राथमिकता मिली और बेटियों का गर्भ में गला घोट दिया गया। वरना शिक्षा, जागरूकता, साधन और स्वास्थ्य सेवाओं में तो अभूतपूर्व वृद्धि हुई थी ना। फिर लड़कियों की संख्या लगातार कम क्यों होती चली गई? दरअसल गर्भ निरोध गोलियाँ और गर्भपात के कानूनी अधिकार देने का मुख्य उद्देश्य औरत की कोख पर नियंत्रण करके राष्ट्र की जनसंख्या पर नियंत्रण करना भी था और स्त्री को पुरुष के 'आनन्द की वस्तु' बनाना भी। क्योंकि नसबन्दी तो दोनों के लिए समान रूप से थी फिर नसबन्दी के लिए सिर्फ महिलाओं को क्यों खड़ा कर दिया जाता है? दहेज प्रथा ने सबसे ज्यादा गाँवों को प्रभावित किया है। अक्सर भ्रूण हत्या के लिए वहाँ के नागरिक दहेज प्रथा को जिम्मेदार मानते हैं।

गाँवों में कौमार्य बचाए रखने के लिए स्त्री घर में कैद होकर रहे या घर से बाहर शिक्षा ग्रहण करने की कामना हो तो निरन्तर बलात्कार, हत्या का भय झेलती रहे। यही कारण है जो माता–पिता अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए घर से बाहर भेजना चाहते हैं तो यही भय रूपी जल्लाद उन्हें अनुमति नहीं देने देता। एक लड़की का शारीरिक बलात्कार सिर्फ एक बार होता है किन्तु वह समाज उस लड़की का मानसिक शोषण न जाने कितनी बार करता है। क्योंकि हमारी मानसिकता इतनी नीचे गिर चुकी है कि हम उसी लड़की को दोषी ठहराते हैं। उसके पहनावे से लेकर उसके आचरण पर हम टिप्पणी करने से नहीं चूकते हैं। कुछ समझ नहीं आता कि कहाँ, कैसे, क्या और क्यों हो रहा है? कौन है इस नाटक का सूत्रधार? दिखता, सुनता कुछ है और अर्थ कुछ और होता है। बराबरों में बराबरी। बराबरी के मौलिक अधिकार का मतलब बताया जा रहा। उत्तराधिकारी के लिए सिर्फ बेटा चाहिए बेटी नहीं। 'बाल विवाह दण्डनीय अपराध लेकिन विवाह हर हाल में मान्य होगा'। महिला आरक्षण विधेयक पर जागरूकता नहीं।

समाज की दो रंगी नीति को बदलना होगा। अपनी मानसिकता बदलनी होगी। मानवता को जन्म देने वाली का शारीरिक और मानसिक शोषण हो रहा है। अतः आज समाज को अपनी मानसिकता बदलनी होगी क्योंकि उजाले की हकदार बेटियाँ भी हैं। इस तरह का भेद–भाव कर हम अपनी ही नज़रों में गिर रहे हैं। अतः हम सभी भारतवासियों से आग्रह करते हैं कि इस तरह के विचारों को अपने समाज में न पनपने दें। क्योंकि विज्ञान भी मानता है कि प्रकृति से छेड़छाड़ अच्छी नहीं है। प्रकृति में संतुलन जरूरी है, जब प्रकृति ही इस भेदभाव के खिलाफ है तो हम क्यों नहीं?

कुछ बुद्धिजीवियों का मानना है कि नारियों के पास निर्णय लेने की क्षमता नहीं होती, तो हम उनसे कहना चाहते हैं कि अगर भारत जैसे किसी बड़े लोकतान्त्रिक देश को एक महिला अर्थात् श्रीमति इंदिरा गाँधी नेतृत्व प्रदान कर सकती हैं यहाँ तक कि विदेश मंत्री, राष्ट्रपति, रक्षामंत्री, और भारत के सबसे बड़े बैंक की मुखिया एक महिला हो सकती है जिन्होंने इन पदों पर आसीन होकर देश में कीर्तिमान स्थापित किया है तो भारत की बेटियाँ किसी से कमजोर नहीं हैं। लेकिन जरुरत है उन्हें समुचित अवसर प्रदान करने की। लैंगिक समानता को समाज में स्थायित्व देने की जिससे कि वे पूरे विश्व में भारतवर्ष का मान बढ़ा सके।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में कुछ प्रगति हुई है। लेकिन बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ और प्रयासों की जरूरत है। देश में हर साल 4–5 हजार महिलाओं की प्रसव के दौरान मौत हो जाती है। इसकी वजह औरतों में जागरूकता का अभाव है इसलिए आवश्यकता है जागरूकता फैलाने की।

आशुतोष मिश्रा

पत्रकारिता एवं जनसंचार, प्रथम वर्ष

नारी शोषण

हमारा समाज दिन प्रतिदिन विकास कर रहा है पर समाज में आज भी नारी की तरफ कोई विशेष ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नारी की उन्नत स्थिति में आज भी हमारा समाज पिछड़ा हुआ ही है। एक तरफ तो बड़े–बड़े नारे लगाए जाते हैं ''बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'' 'बेटियों को शिक्षित बनाओ' पर समाज में नारी को वो इज्जत आज भी नहीं दी जा रही आज भी पुरुष नारी को अपने पैर की जूती समझता है, आज भी उनकी इज्जत के साथ खेला जा रहा है। एक तरफ तो महिला दिवस मनाया जाता है तो दूसरी तरफ उसी दिन कोई नारी किसी तथाकथित मर्यादित पुरुष के हाथों बलात्कार का शिकार होती है। ये कैसा महिला दिवस है उस दिन भी न जाने कितनी महिलाएँ ऐसे जाहिल पुरुषों की चपेट में आती हैं। आज तो हालात इतने बदतर हो गए हैं कि एक मासूम बच्ची पाँच–छः वर्ष की अवस्था में ही इस हवस का शिकार बन जाती है। जिस बच्ची ने अभी ठीक से आँख तक नहीं खोली। लड़कियों का तो एक कारोबार बन गया है। व्यापार के माध्यम से लड़कियों को खरीदा और बेचा जाता है। आखिर लड़कियाँ ही इन सब का शिकार क्यों होती हैं? आज भी दिन दहाड़े पुरुष इस हवस में निकलता कि कोई शिकार उसके हाथों लग जाए। ऐसा एक भी दिन नहीं जाता जहाँ कोई लड़की किसी पुरुष का शिकार न हुई हो। ये कैसी उन्नति है। लड़की जब घर से बाहर निकलती है तो उसे कितना समझा कर बाहर निकलने की अनुमति देते हैं। कहा जाता है कि माँ–बाप की इज्जत का ख्याल रखना, कभी बेटों को क्यूँ नहीं कहा जाता कि किसी की बहन बेटी की इज्जत पर बुरी नज़र मत डालना। ये कैसा समाज है जो एक तरफ बेटियों के नाम पर इतने बड़े–बड़े नारे लगाता है, विकास करने के सपने देखता है, महिलाओं को पढ़ाने के नारे लगाते हैं, पर अभी तक बेटियों की इज्जत करना भी नहीं सीखा है। ऐसे कैसे विकास करेगा हमारा देश? सबसे पहले हमारे समाज के लोगों को बेटियों की इज्जत करनी चाहिए फिर उन्हें उस मुकाम तक पहुँचाना चाहिए ताकि वे कल को अपने हक़ के लिए लड़ सके।

शमा परवीन

एम.ए. हिन्दी, प्रथम वर्ष

बाल मजदूरी और नशाः एक अभिशाप

आज बाल मजदूरी और नशा बच्चों के कोमल भविष्य के लिए अभिशाप बन गया है। सीमापुरी जैसे इलाके में बच्चा–बच्चा नशे का आदी है। दारू गुटखा तो छोड़ दीजिए सीधा–सीधा ड्रग्स भी लेते हैं। शिक्षा की कलम उनसे कोसों दूर है। रुमाल में फ्लूइड़ डालकर सूँधना, इंजेक्शन से ड्रग्स लेना उनके जीवन को अंधेरे में डूबाता जा रहा है। जिसके बाद वो अपने–आपको ही भूल जाते हैं।

ये सब हमारी शासन व्यवस्था की करनी है। विकास के नाम पर केवल हरी झंडी दिखा दी जाती है। एनडीटीवी की सुशील महापात्रा की रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली के सीमापुरी इलाके में अनेक बच्चे नशे के आदी हो चुके हैं। शायद ये उदाहरण आपको डरा सकता है कि कैसे छोटे–छोटे बच्चों से लेकर बूढ़े, वयस्क, महिलाएँ, जवान खुद उस आदत को छोड़ना चाहते हैं जो पहले अपने हाथों से इसके आदी हुए थे। वे खुद इससे निजात पाना चाहते हैं। उनके मुँह से ये दर्द भरी आवाज कहती है कि हम जानबूझकर नहीं खाते, बिकता है तो खाते हैं।

विकासशील देशों में भुखमरी, बाल मजदूरी और नशा सच में एक लाचारी ही है। कहीं बच्चों को मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल किया गया, तो कहीं आत्मघाती हमलावर के रूप में इस्तेमाल किया गया। भारत जैसे देश में बाल विकास योजना, महिला सुरक्षा योजना, किसानों हेतु कृषि योजना, बीमा योजना, पैंशन योजना आदि योजनाएँ विकास की डुगडुगी बजा रही हैं। अपनी चरम हँसी की बाहरी सुन्दरता तो कोई भी देश दिखा सकता है। हमारे नेता अपने कुछ भाषणों से तालियाँ तो बटोर सकते हैं। 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों से भला हो सकता है क्या? फ़तवों में उलझना भर रह गया है। लेकिन कब तक? दिनो–दिन लोग अच्छे दिन सुनते जा रहे हैं लेकिन रेडियों पर।

आज भी भारत, पाकिस्तान, चीन, तुर्की जैसे देशों में 14–15 साल से कम उम्र के बच्चे स्कूल का मुँह तक नहीं देख पाते हैं तो क्यों? क्योंकि कोई नहीं उन्हें समझाने वाला, विकास का मतलब समझाने वाला, शिक्षा का महत्व बताने वाला, उनके भविष्य की ओर देखने वाला, कोई उनसे नहीं पूछता कि तुमने निवाला खाया या नहीं। उन्हें तो ये तक पता नहीं होता आखिर उनके देश में उनके लिए कब और कौन सी योजनाएँ बनाई गयी भी हैं या नहीं। वह योजना उन तक कैसे पहुँच सकती है? न जाने कितनी योजनाएँ, संस्थाओं के द्वारा बच्चों के लिए सरकार खर्च करती है। लेकिन उन पैसों को तो बीच के दलाल ही जेब में ठूँस लेते हैं। उनके मौलिक कर्त्तव्य क्या हैं तो फिर किसके लिए ये योजनाएँ हैं? ये सरकार किसके लिए काम करना चाहती है अब। उनकी चीख सुनने के लिए कोई नहीं है। उनकी भूख मिटाने के लिए कोई नहीं है।

स्कूल तो उनके लिए आँख मिचौली का सपना भर है। जहाँ बच्चे महिलाओं की अण्डरवियर सिलकर, ब्रा सिलकर और कबाड़ा चूनकर पेट भरते हैं। वहाँ खेल–कूद तो कोसों दूर हो जाता है। माँ–बाप की आसरे की छत उनसे छिन जाती हो, किसी शराबी का साया पड़ जाता हो फिर उनके भविष्य की कल्पना की जा सकती है। आज झुग्गी–झोपड़ी में बच्चों की दुर्गति किसी अनहोनी से कम नहीं है। जो देश विकास का परचम लहराता हो वो देश इन नन्हें फरिश्तों तक तो पहुँचता ही नहीं। सरकार को जातिगत हिंसा बढ़ाने, फतवों में लोगों को उलझाने के सिवाए और काम नहीं रहता है। चाहे बात विकसित देशों की हो या विकासशील देशों की।

पोर्नोग्राफी के धंधे ने मासूमों की उम्र से खेल खेला है। जिसका एक बड़ा कारोबार चलता हो, जहाँ देश में अर्धनग्न तस्वीर महिलाओं की उतारी जाती हैं, जहाँ गोद लेने की बात की जाती हो। उनके नाम पर तो देह व्यापार किया जाता हो, तो बच्चों का क्या भविष्य होगा? डरती हुई मासूमियत कहाँ जाए? युनिसेफ अपनी रिपोर्ट में बच्चों को लेकर काफी सजग है। अपनी

एक रिपोर्ट में स्पष्ट किया है कि किस तरह संकट ग्रस्त इलाकों में भारी संख्या में बच्चों की जान चली जाती है और कई जगह पर तो उन्हें जंग के रूप में नियुक्त भी किया गया है।

पाकिस्तान जैसे देश का उदाहरण है जहाँ कम उम्र में ही बच्चों को हथियार पकड़ा दिये जाते हैं। कैसे 13–14 साल का बच्चा 45 साल के आदमी की गर्दन धड़ से अलग कर देता है।

उदाहरण के तौर पर संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (युनिसेफ) के एक आँकड़े के मुताबिक, दुनिया भर में नए साल के दिन करीब 3,86,000 बच्चे पैदा हुए और 69,070 बच्चों के साथ भारत (69,070), चीन (44,760), नाइजीरिया (20,210), पाकिस्तान (14,910), इंडोनेशिया (13,370), अमेरिका (11,280), कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (9,400), इथियोपिया (9,020) और बंग्लादेश (8,370) हाँलाकि रिपोर्ट के अनुसार कुछ बच्चे पहले दिन ही नहीं जी पाए। अगर इन आँकड़ों की बढ़ती संख्या पर गौर किया जाए तो न रोजगार मिल पाएगा और न शिक्षा पद्वति ही सुधरेगी। भुखमरी का शिकार होना लाज़मी है।

फिल्मों को U/A, AU जैसे सर्टिफिकेट दे दिये जाते हैं। असल में इनकी जिंदगी में झाँक कर कोई नहीं देखता। जो इनके लिए कुछ करना भी चाहते हो तो वो इतनी बड़ी मात्रा को एक दम साफ–सुथरा या शिक्षित नहीं कर सकते। 'स्लमडॉग मिलियेनर' फिल्म 2008 में बनने वाली एक अंग्रेजी फिल्म है। जिसकी पृष्ठभूमि में मुख्य रूप से मुम्बई के झोपड़ी में रहने वाले लोग हैं। जिसकी लागत थी एक करोड़ पचास लाख डॉलर तो वहीं इसकी आमदनी थी आठ करोड़ इकहत्तर लाख डॉलर। पर क्या फिल्मों, पटकथाओं, चलचित्रों, धारावाहिकों से ये भला स्लम एरिया और गरीबी दूर हो सकती है। इसके लिए केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के बीच तालमेल बिठाना होगा।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2022 तक सबको घर देने की बात की है। लेकिन हर साल लोगों की झुग्गियों को उजाड़ दिया जाता है और लोगों को पुनर्वास कालोनियों में भेज दिया जाता है। पर असल में तो जहाँ इन्हें बसाया जाता है वहाँ उनके लिए मूलभुत सुविधाएँ ही नहीं मिल पातीं।

दिल्ली में ही लगभग 90 प्रतिशत झुग्गियाँ अनियमित कॉलोनी के रूप में सरकारी जमीन पर बनी हैं। जिसमें 46 प्रतिशत एमसीडी और पीडब्ल्यूडी पर, 28 प्रतिशत रेलवे और 16 प्रतिशत दिल्ली सरकार की जमीन पर है। अगर सरकार सच में विकास करना चाहती है तो बच्चों के कोमल भविष्य के बारे में कदम उठाना बहुत ही आवश्यक है।

प्रीति
हिन्दी पत्रकारिता एवं जनसंचार, द्वितीय वर्ष

वाह रे सत्ता....

जो चुप है वो ज्ञानी है
जो बोल पड़े अभिमानी है
पल–पल, क्षण–क्षण
आपस के समझौते
निरंकुश, निरन्तर फेरे
पात से टूटे, डाल से छूटे
डग–डग बढ़ रहे
उस ओर जिस ओर अकेले
बढ़ते अंधेरे दूर होते सवेरे
बैठी हुई सिसकियों के डेरे
मिलते बिछड़ते तारों के मेले
जड़ से चेतन तक असीमित इच्छाएँ
बिखरे हुए फूलों पर भंवरों के फेरे
दूर होते गुलों से मौसम की व्यथाएँ
बीते वक्त की हैं ये सदाएँ
सदाओं में उलझी तकती दृष्टि
मन ही मन से उलझनों में धीरे
पल–पल, क्षण–क्षण आपस के समझौते...

सौरभ मिश्रा
हिन्दी पत्रकारिता एवं जनसंचार, द्वितीय वर्ष

आँगन की चिड़िया

आँगन की इन चिड़ियों को
सड़क किनारे उड़ने दो
नील गगन को देख कर
एक सड़क से दूसरी सड़क पर
उड़ कर जाने दो,
बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ।

सर्दी की ठण्डी रातें हों
गर्मी का गर्म मौसम हो
इन्हें सड़क किनारे ही बसने दो
बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ।

पर कभी स्कूल मत भेजो
कभी किताब कलम मत दिलाओ
न कभी कुछ अच्छा ज्ञान दिलाओ
बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ।

सपनों का मोल न बताओ
भविष्य का तोल न कराओ
सड़कों पर किसी दीमक की तरह चलने दो
इनके भविष्य से चंद पैसों के लिए खिलवाड़ करने दो
बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ।

जब तुम्हारे पास आए ये बेटियां
गुलाब, गुलदस्ता, खिलौने लेकर
तुम इनका मजाक उड़ा कर
कुछ अपशब्द बोल कर सुना दो
ज्यादा पीछे पड़ जाए तो, दो तीन कान पर लगा दो
बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ।

चलते–चलते कार के सामने आ जाए
शीशा पोंछ कर कुछ खाने को माँगने लगे
फिर तुम कार के शीशे ऊपर चढ़ा दो
ग्रीन लाइट होते ही कार आगे भगा दो
बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ।

रात में, सुनसान सड़क
एक मासूम, एक नगर
इतनी ठण्डी में ऐसे ही तड़पने दो
इनको इनके हाल में मरने दो
बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ।

20 का खाना तुम, 200 में खाते रहो
500 का कपड़ा तुम, 1000 में खरीदते रहो
इनको भूखे, नंगे मरने दो, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ।

नीरज कुमार सिंह
हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार, द्वितीय वर्ष

अब हम दूर होने लगे हैं

न जाने किधर खोने लगे हैं?

न सुबह का ख्याल है।
न शाम की पहल है?

न अपनो का साथ है।
न गैरों का प्यार है?

न बातों की रातें हैं।
न प्यासे नैना हैं?

न कुछ बात रही अब दिल में।
न कुछ सपने आते इस मन में?

न तुम रही।
न यादें अब तुम्हारी?

अब हम दूर होने लगे हैं।
न जाने किधर खोने लगे हैं।
न जाने किधर.....?

नीरज कुमार सिंह
हिंदी पत्रकारिता एवं जनसंचार, द्वितीय वर्ष

योग और युवा

आज कल के वर्तमान युग में योग युवाओं के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। योग का शाब्दिक अर्थ है–समस्त चित्तवृत्तियों से निरोध''। योग एक ऐसी क्रिया है जिसमें मानव की समस्त चित्त वृतियाँ, मन, तन मिलकर एक क्रिया करते हैं। युवाओं के लिए योग महत्वपूर्ण है क्योंकि आज की इस भौतिकवादी परिवेश में अच्छे स्वास्थ्य की माँग की जाती है। जिसके लिए युवा को योग की क्रियाओं में अपनी रूचि दिखानी चाहिए। हालांकि जिस प्रकार हम जानते हैं कि योग को भी अन्तर्राष्ट्रीय मान्यता मिल चुकी है। जिसको हम 21 जून को मनाते हैं। सर्वप्रथम विश्व में योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया था। तभी से इसे प्रत्येक वर्ष मनाया जा रहा है। आज के प्राथमिक विद्यालयों में 21 जून को सूर्यनमस्कार कराया जाता है।

योग युवाओं के लिए क्यों आवश्यक है?

योग की महत्ता अगर हम युवाओं के परिपेक्ष्य में देखें तो हम पाते हैं कि आज के इस युग में योग 'स्वस्थ जीवन की आधारशीला है अर्थात् योग से युवा अपने स्वास्थ को अच्छा बना सकते हैं। प्रतिदिन योग करने से युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। अर्थात् जब युवा योग जैसी क्रियाओं को करता है तो वह अपने मस्तिष्क की सभी चितवृतियों को खोला जिससे उसके अंदर नए विचारों का कोष बन जाता है तथा समय–समय पर वह अपनी कुशलता के माध्यम से नई ऊँचाइयों को प्राप्त करता है। योग के कारण ही युवाओं की कुशलता में वृद्धि होती है। अर्थात् ऐसी क्रिया करने से युवा अपनी क्रिया को ठीक प्रकार से करता है।

आज के इस तनावपूर्ण परिवेश में योग इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई युवा प्रतिस्पर्धा के माहौल में जी रहे हैं तथा वह अपने इस व्यस्तता के माहौल में तनावपूर्ण स्थिति में चले जाते हैं। इसलिए आज के युवाओं को योग इसलिए भी करना चाहिए ताकि वह अपने मानसिक तनाव को कम कर सकें। योग की क्रियाओं में कुछ ऐसी भी क्रियाएँ हैं जो कि युवा विद्यार्थी के लिए अधिक आवश्यक हैं जैसे–कपालभाती, भ्रामरी, अनुलोम, विलोम जैसी क्रियाओं से युवा की एकाग्रता क्षमता तथा अध्ययन क्षमता बढ़ती हैं हम यह भी कह सकते हैं कि युवाओं में योग की साथर्कता इस प्रकार से भी है क्योंकि आज का युग भौतिकवादी हैं। यह युग अच्छे स्वास्थ्य की माँग करता है। युवाओं को अपनी रूचि योग के प्रति बढ़ानी चाहिए। योग के कारण ही युवाओं में व्याप्त डायबिटिज, जैसी बीमारियों पर कुछ नियंत्रण पाया जा सकता है। साथ ही अस्थमा, हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियों पर भी काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। देश के जी डी पी (सकल घरेलू उत्पाद) की स्थिति को सुधारने में सहायक है।

समस्याएँ

आज के इस युग में योग को लेकर कुछ समस्याएँ भी देखने को मिल सकती हैं। जैसे कि कुछ लोगों का कहना है कि यह योग कुछ विशेष समुदाय से संबंधित है। साथ ही आज यह भी कहा जा सकता है आज योग एक राजनीति का मुद्दा समझा जाता है। अर्थात् योग के बीच में अब राजनेताओं का हस्तक्षेप होने लगा है। कुछ महत्वपूर्ण समस्याएँ यह भी हैं कि योग के लिए युवाओं में जागरूकता का अभाव है।

युवाओं का गलत रूझान

आजकल के युवाओं का रूझान बहुत ही गलत है जैसाकि हम जानते हैं कि आज प्रत्येक युवा 'सोशल मीडिया' का

शिकार है अगर युवा सुबह जल्दी उठ भी जाता है तो वह सबसे पहले अपने दूरभाष यंत्र के माध्यम से सोशल मीडिया का प्रयोग करता है तथा योग जैसी महत्वपूर्ण क्रिया को करना भूल जाता है।

युवाओं में गलत पेय पदार्थ (हानिकार पेय पदार्थ) का सेवन

हानिकारक खाद्य पदार्थों का सेवन करने से युवओं का स्वास्थ्य दिन प्रतिदिन घटता जा रहा है।

निष्कर्ष : उपरोक्त बिन्दुओं से यह स्पष्ट हो जाता है कि आज कल का युवा तनावपूर्ण, व्यस्ता के माहौल में जी रहा है जिसके कारण उसकी मानसिक चेतना कमजोर तो हो ही रही है साथ ही उसका स्वास्थ्य भी बिगड़ता जा रहा है। इसका देश पर काफी गहरा प्रभाव पड़ेगा। कयोंकि इसके कारण भारत का जी.डी.पी. (सकल घरेलू उत्पाद) घटने लगा है क्योंकि यह युवा ही देश को किसी के समक्ष प्रस्तुत करता है। अगर वह ही कमजोर होगा तो देश की हालत बिगड़ सकती है।

पवन कुमार, हिन्दी ऑनर्स
प्रथम पुरस्कार निबन्ध प्रतियोगिता, योग एवं ध्यान समिति

एक भारत श्रेष्ठ भारत

भारत सरकार द्वारा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' एक नयी और प्रभावशाली योजना है जिसके क्रियान्वयन की जिम्मेदारी नेहरू युवा केन्द्र संगठन दिल्ली युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार को मिली है। इसका उद्देश्य मौजूदा सांस्कृतिक संबंधों के माध्यम से देश के विभिन्न भागों में एकता बढ़ाना हैं इस योजना के माध्यम से राज्यों की संस्कृति को जोड़ना है।

एक भारत श्रेष्ठ भारत योजना के तहत दिल्ली के 50 युवा 13 दिसम्बर 2017 को सिक्किम गए तथा वहां 1 जनवरी 2018 तक रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से दिल्ली के युवा सिक्किम की संस्कृति को जान गए और वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य को देख पाये।

इसी क्रम में सिक्किम से 50 युवा साथी दूसरे चरण में दिल्ली आये। 11 फरवरी 2018 को नेहरू युवा केन्द्र, दिल्ली द्वारा उनका स्वागत किया गया। खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय द्वारा सिक्किम से आये प्रतिभागियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करवाने की जिम्मेदारी रामलाल आनंद महाविद्यालय को दी गई। 16 फरवरी 2018 को महाविद्यालय द्वारा प्रतिभागियों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

ए.के. गुरूम कार्यक्रम संयोजक, श्री वीरेन्द्र सिंह बाकेन सह–निदेशक, के.एस पारचा जिला युवा समन्वयक के साथ सिक्किम युवा विद्यार्थियों की टीम रामलाल आनंद महाविद्यालय में आई जिनका स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार गुप्ता और डॉ. सुभाष डबास ने गर्म जोशी से किया। इस अवसर पर डॉ. नीना मित्तल कला और संस्कृति समिति की संयोजिका और डॉ. संजय शर्मा भी उपस्थित थे।

महेन्द्र कुमार
बीजेएमसी, प्रथम वर्ष

Who runs the world?

I remember overhearing my neighbour's conversation one day, while coming back from college. My neighbours, like any other middle class family were a couple with two children. They followed the same routine like many others, mother waking up their kids to get them ready for school and the father getting ready to go to the office. So back to my conversation I heard the adults talking about their daughters, now though they are still in school and will soon get over with it and their plans thereafter up until now, this seemed like a very normal conversation. But the next thing which I heard was something I did not expect, it froze me. Due to certain financial crisis, the father had proposed an idea of marrying off the elder daughter without waiting for her to finish school. I was appalled! This conversation kept ringing in my ears for a long time, till I finally decided to talk to my parents, hoping they could talk to them. The very next day, after both my parents went to talk to them I was eagerly waiting for a positive response but only heard a sad news. What's more shocking is the fact that before we could convince them further, within a week, they had shifted from the place and moved to Nagpur, probably to marry off the girl.

My reason of sharing this story is quite simple. The people whom we considered as well educated neighbours are they really? This turn of events made me realize how the mindset of people still is, even in urban metropolitan cities. Daughters all round the globe have always had to endure stuff- even if it means to get their basic rights. Why can't girls get the right to education?

Recently, Malala Yousafzai, a young girl who was shot because she was protesting for right to education attended her first lectures at Oxford University. This is just an example of one girl. There are thousands and crores of other girls who fought against all odds to not just provide girls their basic right, but also moved on to achieve wonders in their lives.

I feel fortunate to have received education and I also plan to study further. But would girls all around the world be fortunate to do so too? Beti Bachao, Beti Padhao- Girls should be well educated as to not be dependent on anybody. I am not even for a second denying the fact that the government hasn't started implementing in remote areas where girls are married off at an early age, to cook food and take care of their families.

Doctors, Engineers, Astronauts, Scientists, Teachers, Actors, Officers-you name it, girls and women have left a mark and have been successful at every step in their careers. Why deny the right to basic education?

In a nutshell, all I would like to say is that girls are capable of doing just as much (if not more than) as boys. It is high time to sit and watch and do nothing while girls endure the fight of deserving their rights. Lastly, I would like to quote a very renowned female artist- "Who runs the World? – Girls"

Zitni Handoo
B.Sc. (Hons.) Computer Science, IIIrd Year

Environment Today: Policies and Popular Culture

First of all we need to ask ourselves this question "Is environment a collective or individual responsibility?" I think it's an individual responsibility and if every person starts thinking this way, then the result would be a collective effort towards the environment protection.

"Swach Bharat Abhiyan" launched by Prime Minister Narendra Modi in 2015 was initially a great hit. Many, people including celebrities started cleaning campaigns, recording videos and uploading them on the social media so that others also become part of this movement. But after two years, are we seriously on a positive and productive way of achieving our target?

Yeah, we can't deny that completely as some cities and even villages are declared as open defacation free. But these efforts and programmes will not be successful till each individual takes responsibility for the cleanliness of the environment in which they live.

It has been reported that many people who live in slums use the property for commercial and personal purposes which have been actually allotted to them for building toilets.

To spread awareness even films such as "Toilet-Ek-Prem Katha" play a crucial role as it could reach larger masses.

Festivals such as Dussehra and Diwali bring in joy and happiness, But one more thing they bring in is "Pollution". These festivals have religious sentiments attached with them, so government feels itself restricted in these issues. The order of banning sale of fireworks in Delhi/NCR is the major step taken by the government. Government also discourages the practice of burning of waste which is a major cause of pollution in Delhi after vehicle emissions. According to me these are only temporary solutions. Just banning the sale resulted in economic losses for all the traders and sellers of crackers.

The farmers quoted that they have no choice except burning the stubble as eco-friendly solutions are not "economic friendly" Simply they couldn't afford them!, There is short gap between winter and summer crop seasons. Eradicating stubble is necessary. They could use it as manure but requires more electricity and water supply.

There should be a proper waste management system, this is the area where Indian government lacks. To make stubble as resource, as its burning causes immense air pollution, farmers should tie-up with various thermal and power industries, so that it could be used in power generation. Proper warehouses should be established so that stubble could be stored by farmers for cattle feed and for later purposes.

The farmers who are willing to take up individual responsibility for the environment are failing due to organizational mismanagement.

So, this is true that environment protection and safety is an individual responsibility, while government support and necessary resources are must.

Simran Mehta

B.Sc. (Hons.) Computer Science, IIIrd year

Real and Imaginary

Everyone has a bubble inside which they live. Outside this bubble, they do have social interaction, but people may choose to reveal only a few things about themselves which they might want the world to know. Or to put it in better words, they choose to hide their insecurities, their vulnerabilities, their deepest fears, their deepest desires which they might not feel comfortable telling to the outside world. But inside the bubble, things are different, only few people are allowed, people who can be trusted such as mothers, fathers, brothers, etc. The extreme heights and depths of emotions are felt inside this bubble.

But for some people, this bubble is a concrete stone like the imaginary wall. The walls become thicker and thicker as the mistrust of the outside world increases. And one day you realize this wall becomes so thick, you realize you cannot accept any new person into your personal life anymore. But how does this happen? Here's how it happened with me.

As a child, I was a very social person. I talked to every other kid easily, made friends easily, there was no wall, only a thin bubble. See as children we think of our selves as invincible. We never think of life in terms of mortality, life and death. Crying comes easily to us. I was one such child. Then I grew up. The walls grew thicker and thicker. I was talking to people in real life, hardly paying any attention to what they were saying. I was afraid of the future, afraid of getting old. Death did not scare me. Pain of death scared me, helplessness scared me. And when realization dawned on me, I was drowned in sadness, with no one to help me. No one understood what I felt, no one sincerely cared what I was going through. Life felt like a waste, because we live on an average for 85 years, 20 years of my life were already gone, and I still wasn't doing anything that I would want to do. I would go to college, attend classes half hearted and come back, straight to home I barely talked with anyone, and the wall between the outside world and my personal life grew thicker. At home I would just sleep for 10 to 12 hours while morning would bring sadness. Why am I living? Why would I want to grow older when my childhood is gone. I see kids younger than me accomplish things that I never could accomplish in other 20 years. My parents would not understand. They would ask what is wrong, and I would say " I fear getting old, I fear I may be never rich, I fear I may turn ugly 40 year old and do a job that I don't want. I want to escape this." And my father's reaction would be, "People don't live to enjoy their hobbies, and stop wasting your time thinking about these things." As if just by saying " don't think" will the problem cease to exist. If we don't live to enjoy life, then what do we live for? 60 years of your life wasted in slogging and complaining, is not a life which was supposed to be a gift; its over in a blink. People say work hard and future will be better, but I want to ask these people, for how long do we continue doing things, just hoping that things will be better. What if they never get better? I would be furious with anger, because I was promised better things. But anger only ruins energy and happiness.

All these emotions, I keep bottled up to myself. I tell my friends and they say " Enough! You only whine & complain" so I shut up and resolve to never tell them anything. I prefer to build my wall thick & thicker. But I am tired of living like this. I am tired of living in constant fear. I choose to escape into day dreaming, dreaming of a happier life. I become so involved in my dream world that I miss my real life priorities and deadlines. So people call me, telling me that I have exams and arrangements. All these conversation are formal in nature of course, none caring really to ask how I feel. And now I fear when my phone rings, fear that I might have to live in the real world. I don't want to live in the real world. I don't want to live in the real world. The walls around me have grown thicker. And now I am tired of everything. But I fear the walls have grown thick and strong, that they may never break.

And I still work up thinking what are we living for? And when I go to bed I fear that I have grown another day old. So the walls around me are built even thicker and stronger.

Ankita Prunima Sahu
BSc. (Hons.) Computer Science, IIIrd year

Another Brick in the Wall

Sitting inside my room, and staring at the walls every day and night, even while crying, they may see me sometimes, but never speak a word. But I, overjoyed with humanness, sometimes yell at them, even scream and if okay, even share an incident or two.

And when I think of these walls, I recall my school friends, my family, my relatives and everyone else who behaved like those walls in my life. I wonder if there's any difference between those walls and these people, because they both make me feel the same, lonely and afraid, lonely as none of them talks, and if does, never about the things that matter, and afraid because they never protect me, they themselves are so fragile to do anything.

In my school days I was bullied being the weaker one, the one they could spank or beat any time or throw words of disgrace as they pleased, because I was not the one who could fit in, as I was a boy, with feminine traits, and I could never understand what they meant when they called me a gay. And it was not only them, even my mom and dad did the same, they taught me now to fit in, even though I never wanted to do that, but who cared.

It were these brick like people, the cold hearted ones who became a wall around me. Stopping me from being free. I suppose we all are born like fluids, tender enough to flow in our own ways, but it is these walls that shape us into a solid brick-like figure and we continue to do the same for others.

But my question is why? Why have we become a concrete brick, why can't we express what we feel, why people are not ready to listen, why we keep things inside our selves for so long that we suffocate till death, why are we becoming another brick in the wall, why have we become so comfortably numb?

May be it's because the civilization demands it, it wants all of us to be the same robotic product, alienated from our existence, from our feelings. We all are different so how can we go through the same machinery and if we do, what would be the consequence? A flawed product, which we all are.

The water in the river is beautiful, we embrace it, and it gives us peace and a little escape to be the water for a while, but when the same water comes to our house, through the tap, it remains no-more beautiful, no more peaceful and I wonder if the same is happening to us.

We all are becoming the brick, forgetting our existence as free flow water to make this wall stronger, to cage some more water to suffocate some more to be the end of the humanness on this inhuman planet.

Aniket Chauhan
B.A. (Hons.) English, IInd year

My Angel

Special Person
My Angel
The whispers of first shower
The inshouting aroma of soil cover
The sleek sound of someone coming hear
That break my nap as it becomes clear
The murmurs of someone's singing
That fills my soul with new lightening
The view of snow-covered mountains
My dirty clothes full of oils
The dishes served in the mess,
The left out milk lying in my glass
Every scolding, every appreciation
Every happening that caused depression
Every fest, every celebration
My life's every new incarnation
Reminds me of a special person
Who sacrificed her life for me,
With full dedication
She is my Goddess my ideal
My means of life and survival
She can only be my Mom, my Angel
Yes, She is my Mom, my Angel

Mansi Yadav
B.Sc. (Hons.) Microbiology, IInd Year

Freedom within Boundaries

We have crossed sixty five years of independence. And with this independence, I think every citizen of India realises its importance as we have struggled a lot to attain this independence. The day 15th August marks the anniversary of freedom and is celebrated almost in every corner of the Country.

We were not just freed from the British Raj on this day, we got certain priviledges that Indian government promised for every citizen. And in these years, they also succeeded in providing the individuals with their freedom and right. As an individual, we have freedom of everything, but does this freedom really exist??... Are we really free to choose our path…?? Sometimes when I see the children of slums roaming, and picking garbage…, did they chose that life or something pushed them to that wall of life?

An individual from birth is not free, they are always kept within boundaries. The wall that is difficult to cross in ones, whole life. We are free to choose anything that lies inside that wall. My wall of religion, that exist from birth which doesn't allow me to worship other form of "My God". I am a human, I want to do things anytime and anywhere, I want to enjoy my freedom.. but these walls of societies created by us only, doesn't even allow me to breath the air.. the fresh air.

I thought freedom means, that I am free to move wherever I want, I am free to move whenever I want, I am free to sing if I don't want to study, I am free to fly beyond boundaries, I am free to eat whatever I want, I can go roaming at night to the beautiful places that looks great at night…. But this wall, around me is soo high that it cannot be crossed, and still I am free. I also celebrate my freedom every year. May be someday I will also learn to enjoy my freedom within this wall

Vaidehi
B.A. (Hons.) Political Science, IInd year

She sang to me

She sang to me
A paint lullaby
Or painted lullaby
Etched in a corner
Of my numb mind
Her calloused and wrinkled hands
Caressed my hair in pauses,
Running her thick fingers
Through my tangled hair
I heard this lullaby
Some fourteen years ago
And yet it feels as fresh
And melodious as ever.
I want to close my eyes
Yet I cannot,
For I could never hear
The story of the king
As I recall the lyrics
Sung in her monotonous voice
It gives the accusation
Of an unraveling mystery
Suddenly her voice breaks
She pauses and I know why
And she continues to sing
In the voice I am used to hear.
Her fat lap and stout fingers
Give more comfort
Than the dull hospital ward
And the foreign pillow.
My mother is beautiful
In her grace and strength
Without her inner devastation
And bid me a sweet goodbye
I am not afraid to die,
For I spend my last moments
In a place I call home
My mother's eternal lullaby.

Sukanya Dev
B.A. (Hons.) English

A Girl Educated is A Family Educated

Though the world is mordernising day by day, still there are some aspects which prevail by our surroundings. One of these is the education of a girl child. There's a popular saying, " When you educate a boy, you educate a person, but when you educate a girl, you educate the whole family."

The girl child is always looked as a woman who'll serve another family when she grows up, doing household chores and then eventually as a mother. So this, concludes that education will play no role in her life. But when' if' we think about it in depth, we realize that education not only plays a role in getting good grades or securing a job, but also affects our logical thinking and analytical perspective: at how we look at things and deal with critical situations in our day to day life. In this fast moving world one cannot lag behind just because of the orthodox mentality of few people. Although it is very prevalent in a country like ours where a baby girl is murdered as soon as she is born.We'll be the ones who will grow up to become the future of our country. Education days is a coerce of respect. The more you are qualified, the more you educated, the more respect you get. Education is a legal right and it should not be snatched away from anyone.

As we have seen, many women have created history in the past. Kalpana Chawla, Indira Gandhi, IPS officer Kiran Bedi are just a few names but there are hundreds of such women who have brought a revolution. They have proved themselves at every level and in every aspect. Education never goes waste. Why are they then reluctant to educate their girl child while the boys are sent to school with pride? If we check the records of schools there's a horrifying discovery that the number of girls enrolling is much less than the boys. Not only this, the dropout ratio of girls to boys is also very high. Since I am from a technical background, I want to throw light on this topic that very few girls are admitted in technical courses, since the subjects are considered tough and complex. Ironically, the first computer programmers were women. Now, who doesn't knows about Ada Love Lace, who is renowned for her computing and programming skills. The government is also taking steps to promote the education of girls at a high level and someday, I believe they truly will succeed. Also, its not that the government but all bearers of society must come together and make concrete effort towards education. Educate a woman, you'll see the difference she makes through ages and centuries.

Vani Gupta
B.Sc. (Hons.) Computer Science, IInd Year

Millenials and Management

Born between 1900 to 1999 are the
Group of millenials
Cool headed, open minded, confident
Homo sapiens
Have dreams in their eyes and fire
In their belly
Sticking to their unrealistic hopes
Just like a jelly

If millenials were a hand, management
Would be a glove
Because survival is impossible without
Managing work, family and love
This cool generation is busy sorting their lives
While living on the verge of deadlines
Awaiting them like knives

The extraordinary combination of
Millennial and management
Is like an agrarian alien meeting
A bubble of excitement
The bubble shall burst and spread
Glitters of happiness
Because all things sorted can
Vanish aways a millevials weariness

The sparkling eyes of a millennial need not
Stick 9 to 5 to a computer screen
By effectively managing anise they can
Spare some in exploring places they've never been
Their monotuous life can turn into
An enthralling ride
Only and only if millenials choose to
Awaken their managerial side

Waking up early, listing out Goals
Getting a work life balance without
Burning their pocket with holes
Going eco friendly, eating healthy
